RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 140 • 10:09:2024 • मंगलवार • मूल्य : 5/-

# प्रधानमंत्री और क्राउन प्रिंस के बीच भारत-यूएई संबंधों पर हुई वार्ता



एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अबु धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बीच सोमवार को वार्ता हुई। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-यूएई के बीच नए और उभरते क्षेत्रों में व्यापक रणनीतिक साझेदारी को व्यापक बनाने के लिए बहुआयामी संबंधों और रास्तों पर चर्चा की। क्राउन प्रिंस कल आधिकारिक यात्रा पर दिल्ली पहुंचे थे। आज प्रधानमंत्री मोदी ने हैदराबाद हाउस में क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान का स्वागत किया। इसके बाद दोनों नेताओं ने आपसी मुद्दों पर चर्चा की। क्राउन प्रिंस के साथ यूएई सरकार के कई मंत्री और एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी भारत आया है। उनका राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मिलने का कार्यक्रम है। उन्होंने आज महात्मा गांधी को राजघाट पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद वे कल एक बिजनेस फोरम में भाग लेने के लिए मुंबई जाएंगे, जिसमें दोनों देशों के कारोबारी नेता भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत और यूएई के बीच ऐतिहासिक रूप से घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। हाल के वर्षों में, भारत और यूएई के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी राजनीति, व्यापार, निवेश, कनेक्टिविटी, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और संस्कृति सहित कई क्षेत्रों में गहरी हुई है। क्राउन प्रिंस की यात्रा भारत-यूएई द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करेगी और नए और उभरते क्षेत्रों में साझेदारी के लिए रास्ते खोलेगी।

## पीपुल्स पद्म पुरस्कार के लिए प्रेरक व्यक्तियों को नामित करें : मोदी


**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पद्म पुरस्कारों को पीपुल्स पद्म की संज्ञा देते हुए देशवासियों से 2025 के पद्म पुरस्कारों के लिए प्रेरक लोगों को नामित करने की अपील की है। नामांकन की अंतिम तिथि 15 सितंबर है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट में कहा कि पिछले एक दशक में हमने अनगिनत जमीनी स्तर के नायकों को पीपुल्स पद्म से सम्मानित किया है। पुरस्कार विजेताओं की जीवन यात्रा ने अनगिनत लोगों को प्रेरित किया है। उनका धैर्य और दृढ़ता उनके समृद्ध कार्यों में स्पष्ट



रूप से दिखाई देती है। व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी और सहभागी बनाने की भावना से, हमारी सरकार लोगों को विभिन्न पद्म पुरस्कारों के लिए दूसरों को नामांकित करने के लिए आमंत्रित कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने पद्म पुरस्कार वेबसाइट का लिंक भी पोस्ट किया, जहां लोग अपना नामांकन पोस्ट कर सकते हैं। उन्होंने कहा, "मुझे खुशी है कि कई नामांकन आए हैं। नामांकन की अंतिम तिथि इस महीने की 15 तारीख है। मैं अधिक से अधिक लोगों से पद्म पुरस्कारों के लिए प्रेरक व्यक्तित्वों को नामांकित करने का आग्रह करता हूं। आप ऐसा https://awards.gov.in पर कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि पद्म पुरस्कारों में पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री शामिल हैं। वर्ष 1954 में स्थापित इन पुरस्कारों की घोषणा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। यह केंद्र सरकार की ओर से दिए जाने वाले सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से हैं।

## बंगाल की खाड़ी में मच रही उथल-पुथल के चलते 4 राज्यों में बदलेगा मौसम

एजेंसी। नई दिल्ली



बंगाल की खाड़ी में एक मौसमी सिस्टम सक्रिय हो रहा है। जिसके कारण मौसम में बदलाव होगा और देश के चार राज्यों में बारिश होगी।छत्तीसगढ़ के दक्षिणी हिस्से सोमवार को भारी बारिश का सामना कर सकते हैं। साथ ही उत्तरी हिस्सों में भी 10 सितंबर यानी मंगलवार तक बारिश के आशार हैं। तेलंगाना के कई इलाकों में हल्की से मध्म बारिश होगी। झारखंड के दक्षिणी हिस्सों में 10-11 सितंबर को भारी से अति भारी बारिश हो सकती है। वहीं, विदर्भ में सोमवार को हल्की से मध्यम बारिश की संभावनाएं हैं। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि इसके चलते ओडिशा, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भारी बारिश हो सकती है। रविवार को बताया है कि ओडिशा में कई स्थानों पर अगले 3 दिन भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने राज्य के उन पांच जिलों में 'रेड अलर्ट' जारी किया है, जहां पहले से ही कई हिस्सों में बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार को जानकारी दी है कि डिप्रेशन (अवदाब) पुरी से लगभग 150 किमी दक्षिण-दक्षिण पूर्व, गोपालपुर से 180 किमी पूर्व-दक्षिण पूर्व, पारादीप से 190 किमी दक्षिण, चांदबाली से 250 किमी दक्षिण, आंध्र प्रदेश के कलिंगपट्टनम से 240 किमी पूर्व और पश्चिम बंगाल के दीघा से 350 किमी दक्षिण-दक्षिण पश्चिम में है। आईएमडी ने एक बुलेटिन में कहा कि सोमवार दोपहर तक पुरी और दीघा के बीच तटों को पार करने के बाद इसके अगले दो दिन में झारखंड और उससे सटे उत्तरी छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ने की संभावना है। मंगलवार को पुरी, जगतसिंहपुर, खुर्दा, कटक, ढेंकनाल जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश (सात से 20 सेंटीमीटर) और कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा (20 सेंटीमीटर से अधिक) होगी। मौसम विभाग ने इन पांच जिलों के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया है। आईएमडी ने मंगलवार और बुधवार को भी राज्य के कई जिलों में बारिश का अनुमान जताया है। प्राधिकारियों ने गजपति, रायगड़ा, मलकानगिरि, नबरंगपुर, कालाहांडी, नुआपाड़ा, झारसुगुड़ा, सुंदरगढ़, देवगढ़, क्योंझर, मयूरभंज, बालासोर और भद्रक जिलों के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया है।बंगाल के दक्षिणी हिस्से के पश्चिम मेदिनीपुर, झारग्राम, बांकुरा, पुरुलिया, पश्चिम बर्धमान, दक्षिण 24 परगना, हुगली, नादिया, मुर्शिदाबाद और बीरभूम जिलों में 12 सितंबर तक भारी वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा कि कोलकाता और इसके आसपास हावड़ा एवं हुगली जिलों में भी हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत, चीन और रूस मिलकर चांद पर बनाएंगे न्यूक्लियर प्लांट



**नई दिल्ली**। भारत,चीन और रूस एक बड़े प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। खबर है कि चांद पर न्यूक्लियर पावर प्लांट स्थापित करने के लिए दोनों देश रूस के साथ काम करने की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि, इसे लेकर भारत या चीन सरकार की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। खास बात है कि यह ऐसे समय पर हो रहा, जब भारत साल 2040 तक चांद पर इंसान को भेजने और बेस स्थापित करने की योजना बना रहा है। रिपोर्ट में बताया है कि इस बात का जिक्र रोसेटोम चीन एलेक्सी लिखाचेव ने किया है। खास बात है कि रोसेटोम रूस की न्यूक्लियर एजेंसी कॉर्पोरेशन है, जिसका भारत के साथ संबंध है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, व्लादिवोस्तक में एक कार्यक्रम के दौरान लिखाचेव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय की भागीदारी के साथ हमारे चीनी और भारतीय साझेदार भी इसमें काफी दिलचस्पी ले रहे हैं।रोसेटोम की अगुवाई वाले इस पावर प्रोजेक्ट के तहत छोटा न्यूक्लियर प्लांट तैयार करना है। यह प्लांट बेस की जरूरत के हिसाब से ऊर्जा तैयार कर सकेगा। लिखाचेव ने कहा कि भारत और चीन इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनना चाहते हैं। खास बात है कि रिएक्टर रूस और चीन के साझा प्रयासों से बनाए जा रहे बेस को ऊर्जा देगा।

### रेलवे ट्रैक पर मिला सिलेंडर, पेट्रोल और बारूद, कहीं ट्रेन को उड़ाने की साजिश तो नहीं

**कानपुर**। कानपुर में कालिंदी एक्सप्रेस पलटाने की साजिश की जांच करने में पुलिस और एटीएस की टीमें जुटी हैं। इसका खुलासा करने के लिए



पुलिस की ओर से पांच टीमों का गठन किया गया है। इसके अलावा पुलिस ने दो हिस्ट्रीशीटरों को भी हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। बता दें भिवानी की ओर जा रही कालिंदी एक्सप्रेस रेलवे लाइन पर रखे एलपीजी सिलेंडर से टकराई थी, जिसके बाद ट्रेन खड़ी हो गई थी। रेलवे लाइन पर सिलेंडर आखिर किसने रखा था। इसकी पुलिस जांच कर रही है। जो मिठाई के डिब्बे में पेट्रोल और बारूद बरामद किया था और जहां से माचिस मिली है, उसकी भी जांच की जा रही है। इसकी जांच के लिए एक टीम गठित की गई है। पुलिस ने बताया कि 8 सितंबर रात को अनवरगंज-कासगंज रेलवे लाइन पर बर्राजपुर और बिल्हौर के बीच कालिंदी एक्सप्रेस रेलवे ट्रैक पर रखे भरे एलपीजी सिलेंडर से टकरा गई। लोको पायलट ने बताया कि उसे ट्रैक पर कोई संदिग्ध चीज दिखाई दी जिसके बाद उसने ब्रेक लगाया, लेकिन उसके बाद भी ट्रेन पर काबू नहीं किया जा सका और ट्रेन उससे टकरा गई, जिसके बाद तेज आवाज हुई। लोको पायलट के मुताबिक, इस घटना के बाद ट्रेन को रोक दिया और गार्ड समेत अन्य अधिकारियों को इस घटना की जानकारी दी गई।

## सीबीआई ने दिल्ली प्रदूषण विभाग के अभियंता मोहम्मद अली खान को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

एजेंसी। नई दिल्ली

2.39 करोड़ रुपये बरामद



केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के वरिष्ठ पर्यावरण अभियंता मोहम्मद अली खान और एक बिचौलिए को उसके बेटे सहित 91,500 रुपये की रिश्वत की राशि की लेते हुए गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान वरिष्ठ पर्यावरण अभियंता के परिसर से 2.39 करोड़ रुपये की नकदी बरामद भी बरामद की गई। सीबीआई ने यह जानकारी सोमवार को दी। सीबीआई अधिकारियों के मुताबिक, एक शिकायतकर्ता की शिकायत के बाद डीपीसीसी के वरिष्ठ पर्यावरण अभियंता अभियंता मोहम्मद अली खान सहित पांच निजी व्यक्तियों के खिलाफ एक दिन पहले रविवार को मामला दर्ज किया गया था। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि आरोपित वरिष्ठ पर्यावरण अभियंता भ्रष्ट आचरण में लिप्त रहा है। इसमें एक निजी व्यक्ति बिचौलिए और सलहाकार की भूमिका में काम कर रहा है। इसके बाद सीबीआई ने मामला दर्ज किया। सीबीआई ने जिन पांच आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, उसमें डीपीसीसी के वरिष्ठ पर्यावरण अभियंता मोहम्मद अली खान के अलावा बिचौलिये भागवत शरण सिंह और उसका बेटा किश्लय शरण सिंह, मेसर्स राम इलेक्ट्रोप्लेटर्स का प्रोप्राइटर राजकुमार चुघ, मेसर्स राम इलेक्ट्रोप्लेटर्स और मेसर्स एमवीएम नरेला के प्रोप्राइटर गोपाल नाथ कपूरिया का नाम शामिल है।

## सीजेआई ने पूछे सवाल, ममता सरकार की फूल गई सांस

एजेंसी। नई दिल्ली



कोलकाता अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप और मर्डर के मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई से पहले पश्चिम बंगाल की ममता सरकार ने अस्पताल में हुई तोड़फोड़ के मामले में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की। वहीं, सीबीआई ने मामले में अभी तक की जांच को लेकर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने मामले की सुनवाई कर सीलबंद लिफाफे में पेश की गई रिपोर्ट की समीक्षा की। ममता सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने पीठ को बताया कि हमने स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर दी है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने रिपोर्ट पेश की है। डॉक्टरों की हड़ताल की वजह से 23 लोगों की मौत हुई है। वहीं, सीबीआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ममता सरकार सीबीआई से क्या छिपाना चाहती है? हमें ममता सरकार की ओर से दाखिल जवाब की कॉपी नहीं मिली है। इस पर सिब्बल ने कोर्ट को बताया कि हमने जवाब की कॉपी सिर्फ कोर्ट में जमा की है। ममता सरकार ने सीबीआई को अभी तक कॉपी नहीं दी है। सुनवाई में सिब्बल ने कहा डॉक्टरों की हड़ताल की वजह से जब डॉक्टर अस्पताल में काम नहीं कर रहे थे, इससे 23 लोगों की इलाज नहीं मिलने से मौत हो गई। सॉलिसिटर मेहता ने कहा कि हमारे पास फॉरेंसिक रिपोर्ट है। जब सुबह 9.30 बजे ट्रेनी डॉक्टर की डेड बॉडी मिली। वह अर्द्धनग्न अवस्था में थी। शरीर पर चोट के निशान थे। ये बेहद गंभीर मामला है। उसके बाद सीबीआई ने तय किया कि घटनास्थल और शव से मिले सैंपल एम्स भेज दिए। इसके बाद सैंपल किसने लिए हैं, कैसे लिए हैं। ये जानना जरूरी हो जाता है।

### सुप्रीम कोर्ट ने उठाए सवाल

ममता सरकार की ओर से पेश स्टेटस रिपोर्ट पर गौर कर सीजेआई चंद्रचूड़ ने पूछा कि प्रिंसिपल का घर अस्पताल से कितनी दूर था? इस पर सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि उनका घर अस्पताल से करीब 15 से 20 मिनट की दूरी पर है। उसीजेआई ने पूछा कि अप्राकृतिक मौत का वक्त क्या था? अप्राकृतिक मौत की एंट्री कब हुई? इस पर सिब्बल ने बताया कि मृत्यु प्रमाण पत्र 1.47 बजे पर मिला। रात 2.55 बजे अप्राकृतिक मौत को लेकर एंट्री दर्ज हुई। कोर्ट ने कहा कि फिर इतना समय क्यों लगा? सीजेआई ने पूछा कि तलाशी और बरामदगी कब हुई? इस पर सिब्बल ने कहा कि रात 8.30 बजे बरामदगी हुई।

## इपीजी पर नेपाल के पीएम ओली का भारत पर विवादास्पद बयान

**काठमांडू**। नेपाल और भारत के बीच विभिन्न समस्याओं के अध्ययन को लेकर तैयार प्रबुद्ध नागरिक समूह (इमिनेंट पर्सनेलिटी ग्रुप, इपीजी) की रिपोर्ट 6 साल बाद भी भारत सरकार ने स्वीकार नहीं की है। इपीजी को लेकर पिछले एक महीने में नेपाल के प्रधानमंत्री ओली ने तीन बार बयान देकर भारत की आलोचना की है। बीते दिन ही प्रधानमंत्री ओली ने कहा था कि उनके और भारतीय प्रधानमंत्री के बीच सहमति के बाद इपीजी का गठन किया गया था लेकिन रिपोर्ट तैयार होने के 6 साल बाद भी मोदी जी ने यह रिपोर्ट स्वीकार करने के लिए समय नहीं दिया है। ओली ने व्यंग्य करते हुए कहा था कि नेपाल के प्रधानमंत्री तो काफी फुरसत में रहते हैं लेकिन भारत एक बड़ा देश होने के कारण वहां के पीएम काफी व्यस्त रहते हैं। इससे पहले पिछले हफ्ते ही नेपाल के पूर्व विदेश मंत्री कमल थापा की लिखित पुस्तक नाकाबंदी और भू राजनीति का विमोचन करते हुए भी ओली ने इपीजी रिपोर्ट को स्वीकार नहीं करने पर अपनी नाराजगी जताते हुए जल्द से जल्द इसे स्वीकार करने की मांग की थी। इस बार प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली बार संसद में सांसदों के सवाल का जवाब देते हुए भी ओली ने इस विषय को उठाया था।

## भारतीय राजनीति में प्रेम और सम्मान का अभाव : राहुल गांधी



**नई दिल्ली**। कांग्रेस नेता और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिका के टेक्सास में भारतीय-अमेरिकी समुदाय को संबोधित करते हुए कहा है कि भारतीय राजनीति में प्रेम और सम्मान का बहुत ज्यादा अभाव है। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की भी आलोचना की है। कांग्रेस नेता राहुल ने कहा है कि आरएसएस मानती है कि भारत एक विचार है। वहीं कांग्रेस का मानना है कि भारत विचारों की विविधता वाला देश है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की तरह हमें भी लगता है कि हर किसी की भागीदारी होनी चाहिए। हमारा मानना है कि हर किसी को सपने देखने का हक होना चाहिए और जाति, भाषा, धर्म, परंपरा, इतिहास के किरदारों, हर किसी को अवसर मिलना चाहिए। राहुल ने कहा कि देश में इन्हीं दो विचारों की लड़ाई है। चुनाव में यह लड़ाई अपने चरम पर पहुंच गई थी। इस दौरान भारत में करोड़ों लोगों को साफ समझ में आया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के संविधान पर हमला कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने इस बार के लोकसभा चुनाव में देखा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपने से पूर्ण बहुमत लाने में सक्षम नहीं हो पायी।

## राहुल गांधी के दिए गए बयान पर भाजपा हमलावर, उन्हें बताया चीन का ब्रांड एम्बेसडर

एजेंसी। नई दिल्ली



लोकसभा में विपक्ष के नेता और सांसद राहुल गांधी ने टेक्सास में आरएसएस और देश में बेरोजगारी को लेकर कई बयान दिए हैं। राहुल गांधी के बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने तीखा हमला करते हुए उन्हें चीन का ब्रांड एम्बेसडर बताया। सोमवार को राहुल गांधी के बयान पर हमला बोलते हुए केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने ट्वीट करके कहा कि वे भारत के बाहर जाकर देश को ही गाली दे रहे हैं, चीन की तारीफ कर रहे हैं। लगता है कि वे चीन के पैसों पर ही पल रहे हैं तभी वे बाहर जाकर चीन का प्रचार कर रहे हैं। अपने बुरे दौर में चाइना को ब्रांड एम्बेसडर की ज़रूरत नहीं है, क्योंकि राहुल गांधी उनके सबसे बड़े एम्बेसडर बन चुके हैं। ऐसे लोगों पर देशद्रोह का मुकदमा चलाना चाहिए जो भारत के बाहर जाकर भारत की निंदा करते हैं और दुश्मन देशों की तारीफ करते हैं। राहुल गांधी की टिप्पणी पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि आरएसएस के बारे में जानने के लिए राहुल गांधी को कई जन्म लेने पड़ेंगे। जो लोग विदेश जाकर देश की आलोचना करते हैं, वो आरएसएस को नहीं जान पाएंगे। आरएसएस का जन्म भारत के मूल्यों और संस्कृति से हुआ है। राहुल गांधी अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए मोदी जी को चाहे जितना भी गाली दें, आज दुनिया के सभी नेता उन्हें सम्मान की दृष्टि से देखते हैं और किसी भी वैश्विक समाधान के लिए उनके पास जाते हैं। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने भी राहुल गांधी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वे अपरिपक्व नेता हैं। उल्लेखनीय है कि टेक्सास में राहुल गांधी ने भारत में बेरोजगारी का मुद्दा उठाया। उनका कहना है कि भारत में बेरोजगारी की समस्या है लेकिन दुनिया के कई देशों में ऐसा नहीं है। उनके मुताबिक चीन और वियतनाम में बेरोजगारी की कोई समस्या नहीं है। इसके अलावा उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर भी टिप्पणी की।

## लड़ाकू सुखोई विमानों के 240 एयरो इंजन की खरीद के लिए एचएएल से समझौता



**नई दिल्ली**। रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' के लिए सोमवार को रक्षा मंत्रालय ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ 26 हजार करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत भारतीय वायु सेना के लड़ाकू सुखोई-30 एमकेआई विमानों के लिए 240 एयरो इंजन (एएल-31 एमपी) की खरीद एचएएल से की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने 02 सितम्बर को इस खरीद सौदे को मंजूरी दी थी। भारतीय वायु सेना के पास सबसे शक्तिशाली और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लड़ाकू बेड़े में रूस में निर्मित सुखोई-30 एमकेआई भी है। सुखोई विमानों की मारक क्षमता बढ़ाने के लिए ऐसा राडार, नये इंजन, आईआरएसटी सेंसर, अगली पीढ़ी के आरडब्ल्यूआर, एडवांस जैमर, वैमानिकी, नए ईडब्ल्यू सूट, डीएफसीसी, भारतीय मिसाइलें और बम लगाए जाने हैं। एचएएल में अपग्रेड होने के बाद सुखोई-30 रूसी जेट नहीं रहेगा, बल्कि 78 फीसदी स्वदेशीकरण होने के बाद भारतीय जेट में बदल जायेगा। अपग्रेडशन पूरा होने के बाद भारतीय वायु सेना के लड़ाकू बेड़े को बड़ी ताकत मिलेगी और विदेशी मूल के उपकरण निर्माताओं (ओईएम) पर निर्भरता भी काफी सीमा तक कम हो जाएगी। इसके अलावा सुखोई के इंजनों को भी बदला जाना है, जिसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने 02 सितम्बर को मंजूरी दी। रक्षा मंत्रालय ने 26 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से सुखोई-30 एमकेआई विमान के लिए 240 एएच-31 एमपी एयरो इंजन खरीदने के लिए आज हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। नई दिल्ली में रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी की उपस्थिति में रक्षा मंत्रालय और एचएएल के वरिष्ठ अधिकारियों ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

## सुल्तानपुर एनकाउंटरः बीजेपी और सपा के कानूनी राज के नाटक से सजग रहें

**लखनऊ**। सुल्तानपुर एनकाउंटर को लेकर यूपी की राजनीति गरमाई हुई है। सपा और बीजेपी आमने-सामने हैं। सपा, कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने योगी सरकार को घेरा है। वहीं अब बसपा सुप्रीमो मायावती की भी इस मामले में एंट्री हो गई है। उन्होंने कहा कि सुल्तानपुर एनकाउंटर को लेकर बीजेपी और सपा में कानून-व्यवस्था को लेकर आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं



और अपराध, अपराधी और जाति के नाम पर राजनीति हो रही है, जबकि इस मामले में ये दोनों चोर-चोर मौसेरे भाई हैं। मायावती ने एक्स पर लिखा कि सपा सरकार में तो बीजेपी की तरह ही कानून-व्यवस्था का बुरा हाल था। दलितों, पिछड़े वर्गों, गरीबों और व्यापारियों आदि को सपा के गुण्डे, माफिया दिन-दहाड़े लूटते और मारते-पीटते थे, ये सब लोग भूले नहीं हैं। मायावती ने कहा कि यूपीप में वास्तव में कानून द्वारा कानून का राज बसपा के शासन में ही रहा है। जाति और धर्म के भेदभाव के बिना लोगों को न्याय दिया गया। कोई फर्जी एनकाउंटर नहीं हुए। इसलिए बीजेपी और सपा के कानूनी राज के नाटक से सभी सजग रहें।

## दुर्गा पूजा का समय नजदीक, मैंने पुलिस कमिश्नर को इस्तीफा देने से रोका

**कोलकाता**। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि पिछले हफ्ते कोलकाता पुलिस कमिश्नर खुद मेरे पास आकर इस्तीफा देने की इच्छा जता रहे थे। लेकिन दुर्गा पूजा का समय नजदीक है। इसलिए मैंने उन्हें रोक दिया। बता दें कि आरजी कर अस्पताल में हुई दरिंदगी के बाद से लगातार पुलिस कमिश्नर के इस्तीफे की



मांग उठ रही है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक बैठक की। बैठक के बाद सीएम ममता ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान हम सभी को सतर्क रहना होगा। धर्म व्यक्तिगत है लेकिन त्यौहार सभी का है। दुर्गा पूजा हमारा सबसे बड़ा त्यौहर है। बंगाल को बदनाम करने की कोई साजिश नहीं होनी चाहिए। ममता ने कहा कि कुछ चैनल लगातार बंगाल को बदनाम करने के लिए उकसा रहे हैं। वे बंगाल के लोगों का अपमान करने में जुटे हैं। वे भूल गए हैं कि बंगाल के लोग साल भर इस सबसे बड़े त्यौहार का इंतजार करते हैं। ममता ने कहा कि मैंने कभी भी मृत डॉक्टर के परिवार को पैसे की पेशकश नहीं की।

## संक्षिप्त समाचार

### आपसी विवाद में मारी गोली, घायल पीएमसीएच रेफर, जांच में जुटी पुलिस



**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर के नवगछिया स्थित इस्माइलपुर थाना अंतर्गत छोटी प्रवक्ता गांव में देवल मंडल को आपसी विवाद में घर के पास गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना जमीन का विवाद बताया जा रहा है। इस मामले में देवल मंडल के बयान पर देवन मंडल, उसके बेटा व भाई महेश साहू, धीरज साहू के ऊपर साजिश के तहत गोली मारकर घायल करने का आरोप लगाया गया है। घायल के परिजनों ने बताया कि अचानक शाम में घर से बाहर देवल मंडल निकले, उसी समय सामने से आ रहे देवन मंडल और उसके बेटे ने गोली चला दी। गोली उसके पंजे में जाकर लगी। ये उसी में रह गया है। इस्माइलपुर थाना को सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और परिजनों ने घायल को मायागंज अस्पताल भेजा, जहां पर उसका इलाज कर पटना रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर जिला परिषद सदस्य विपिन मंडल मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। सूचना मिलने के बाद एसडीपीओ ओम प्रकाश भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण किया। आसपास के लोगों से पूछताछ भी की। सीडीपीओ ने बताया कि मामला जमीन संबंधी विवाद का है। कुछ दिन पहले दो पक्षों में विवाद हुआ था। रविवार को जैसे ही देवल मंडल घर से निकले, वैसे ही दूसरे पक्ष ने उन पर गोली चला दी। घायल को एक गोली लगी है। मायागंज में इलाज के बाद भागलपुर से पटना रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने घायल का फर्द बयान दर्ज कर लिया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।


### जमीन सर्वे में शुरू हुआ खून-खराबा, वंशावली बनाने गांव आये व्यक्ति को पट्टीदारों ने मार डाला



**जहानावाद, एजेंसी।** बिहार में जमीन सर्वे के दौरान खून-खराबा शुरू हो गया है. इसकी आशंका पहले से ही जतायी जा रही थी. बिहार के जहानाबाद में जमीन सर्वे के लिए वंशावली बनवाने गांव आये व्यक्ति की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गयी है. मृतक के परिवार के लोग कह रहे हैं कि पहले ही धमकी मिली थी कि वंशावली सही से बनवाना, नहीं तो मार देंगे. परिजनों ने पुलिस को बताया है कि पट्टीदारों ने मार डाला है. मामले की जानकारी मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है. कल्पा के थानेदार राजकुमार राय ने बताया कि सभी बिंदुओं पर घटना की जांच की जा रही है. जहानाबाद के कल्पा थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव में 55 साल के अशोक सिंह की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गयी है. अशोक सिंह के भाई और परिवार के लोग कह रहे हैं कि उनकी हत्या कर दी गयी है. इसकी धमकी पहले ही मिली थी. धर्मपुर गांव के मूलनिवासी अशोक सिंह झारखंड के बोकारो में रहते थे. बिहार में जमीन सर्वे शुरू होने पर वंशावली बनाने के लिए गांव आए थे. गांव में उनकी लाश मिली है. अशोक सिंह के भाई का आरोप है कि उनकी हत्या कर दी गयी है. पट्टीदारों ने पहले ही ये धमकी दी थी कि वंशावली सही से बनवाना नहीं तो जान से मार देंगे. बताया जाता है कि अशोक सिंह अपने भाई के साथ गांव गए थे, लेकिन फिर बोकारो वापस लौट गए. रविवार को सूचना मिली कि उनके बड़े भाई की मौत हो गई है. पुलिस का कहना है कि प्रथमदृष्टया कीचड़ में गिरने से मौत का मामला लग रहा है. अशोक सिंह शारीरिक रूप से काफी कमजोर थे. उनके शरीर पर किसी तरह के जख्म के निशान नहीं मिले हैं. परिवार वालों के बयान के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी. वैसे, मौत का कारण क्या है ये पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा.

पटना में बीजेपी नेता के मर्डर

# सड़क किनारे बैठे थे, बदमाश चेन स्नेचिंग करने लगे विरोध करने पर सिर में मारी गोली



**पटना, एजेंसी।** पटना में चेन स्नेचिंग का विरोध करने पर अपराधियों ने भाजपा नेता श्याम सुंदर उर्फ मुन्ना शर्मा की हत्या कर दी। घटना आज सुबह 4 बजे की है। रविवार को श्याम सुंदर के बेटे का छेका था। वो अपने रिश्तेदारों को छोड़ने गए थे। उन्हें ऑटो में बिठाकर लौट रहे थे, तभी 3 बदमाशों ने घेर लिया। घटना पटना सिटी की है, जहां मंगल तालाब के पास श्याम सुंदर घर आने के लिए ऑटो पकड़ने पहुंचे थे। दोनों अपराधी चेन छीनने लगे। श्याम सुंदर ने इसका विरोध किया तो एक बदमाश ने उनके सिर में गोली मार दी। दूसरा चाकू से वार करता रहा। सुबह मॉर्निंग वॉक कर रहे लोगों ने शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। श्याम सुंदर पटना सिटी चौक के नगर मंडल अध्यक्ष थे।

### सीसीटीवी में श्याम सुंदर को गोली मारते दिखे अपराधी

सीसीटीवी में ये पूरी घटना कैद हुई है। इसमें दिख रहा है कि श्याम सुंदर सड़क किनारे बैठे हुए हैं। थोड़ी देर में एक बाइक से 3 अपराधी आते हैं और चेक छीनने की कोशिश करने लगते हैं। श्याम सुंदर इसका विरोध करते हैं एक अपराधी उन्हें सिर में गोली मारता है। दूसरा चाकू से हमला करने लगता है। तीनों चेन लूटने के बाद एक ही बाइक से वहां से भाग निकलते हैं। इस दौरान वहां खड़े लोग पहले तो चुपचाप सब देखते रहते हैं। गोली मारते ही वहां से भाग निकलते हैं।

### कल ही बेटे का छेका किया था

बताया जा रहा है कि रविवार को मुन्ना शर्मा के बेटे का छेका था। सोमवार की सुबह मुन्ना शर्मा अपने रिश्तेदारों को छोड़ने मंगल तालाब के नजदीक ऑटो पकड़ने पहुंचे थे। वहां से लौटने के दौरान अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया।

### एफएसएल की टीम कर रही जांच

पुलिस ने इस हत्याकांड की जांच शुरू कर दी है। चौक थाना प्रभारी शशि कुमार राणा ने बताया कि सोमवार की सुबह धारदार हथियार से हमला कर मुन्ना शर्मा की हत्या का मामला सामने आ रहा है। मुन्ना शर्मा भाजपा के कार्यकर्ता रहे हैं। इस केस में एफएसएल टीम और डॉग स्क्वॉड की टीम की मदद ली जा रही है।

### पटना में 6 महीने में हत्या की 175, लूट की 108 और डकैती की 23 वारदात

पटना जिले में आपराधिक घटनाएं बढ़ी हैं। लगातार हो रही स्नेचिंग और लूट की घटनाओं से पुलिस की गश्ती पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। लूट, स्नेचिंग और चोरी करने वाले कई अपराधी हाल में जेल से छूटे हैं और दोबारा घटनाओं को अंजाम देने लगे हैं। हालांकि कई घटनाएं ऐसी हैं, जिनमें पुलिस ने कार्रवाई की है।

बीते 6 महीने में पटना पुलिस ने हत्या, लूट और डकैती के 75 प्रतिशत, वाहन चोरी के 32 प्रतिशत, बंद घरों में चोरी के 18 प्रतिशत मामलों का खुलासा किया है। ये आंकड़े पटना पुलिस के ही हैं।

पटना जिले में जनवरी से जून 2024 तक हत्या की 172, लूट की 108, डकैती की 23, बंद घरों में चोरी की 489 और वाहन चोरी की 2936 घटनाएं हो चुकी हैं। पटना जिले में चार एसपी हैं। इन 6 महीनों में हत्या, लूट, डकैती, घर में चोरी और वाहन चोरी की सबसे अधिक घटनाएं एसपी पूर्वी के इलाके में हुई हैं। पटना पूर्वी में हत्या की 61, डकैती की 12, लूट की 36, घर में घुसकर चोरी की 170 और वाहन चोरी की 1392 घटनाएं हुई हैं।

4 साल तक रहा कंपाउंडर फिर बना डॉक्टर

## यूट्यूब से ऑपरेशन करने वाला फर्जी डॉक्टर गिरफ्तार



**छपरा, एजेंसी।** छपरा में यूट्यूब देखकर ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर को पुलिस ने 28 घंटे के अंदर पुलिस ने स्थानीय गड़खा थाना पुलिस और एसआईटी के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई को लेकर पुलिस की बड़ी सफलता मानी जा रही है। आरोपी चिकित्सक की पहचान गड़खा थाना क्षेत्र के बभनिया गांव निवासी अजित कुमार पूरी के रूप में हुई है। फ़िलहाल पुलिस आरोपी फर्जी डॉक्टर से पूछताछ कर रही है। जिसे पूछताछ के बाद कानूनी प्रक्रिया के तहत न्यायालय भेजा जाएगा।

### पथरी की शिकायत होने पर किया था ऑपरेशन

एसपी कुमार आशीष ने बताया कि 6 सितंबर 2024 को मढ़ौरा थाना के भुवालपुर ग्राम निवासी गोलू कुमार शरीर में पथरी की शिकायत होने पर ऑपरेशन के लिए उसके परिजन उसे लेकर गरखा थाना के मोतीराजपुर बाजार स्थित गणपति सेवा सदन के फर्जी डॉक्टर अजीत कुमार पूरी के पास पहुंचे। जहां ऑपरेशन के दौरान उनकी स्थिति काफी बिगड़ गई, जिसके बाद उसे पटना ले जाया जा रहा था, जहां रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पुलिस टीम को सूचना प्राप्त होने पर तत्काल गरखा थाना में कांड संख्या 572/24 दिनांक-07.09.24 धारा 105 बीएनएस दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई। मृतक के शव को पोस्टमार्टम करने के पश्चात परिजनों को सौंप दिया गया, जिसके उपरांत परिजनों ने दाह संस्कार कर दिया। इसी क्रम में गरखा थाना पुलिस टीम ने इस घटना के अभियुक्त फर्जी डॉक्टर अजीत कुमार पूरी, ग्राम बभनिया, पोस्ट-पहाड़पुर, थाना- गरखा को गिरफ्तार किया गया है।

### कंपाउंडर से बना डॉक्टर

आरोपी फर्जी डॉक्टर अजित कुमार पुरी छपरा में एक डॉक्टर के क्लिनिक पर चार वर्षों तक कंपाउंडर का काम किया था। इस दौरान मेडिकल से जुड़ा कीच अनुभव हो गया। जिसके बाद धर्माबागी मोतिराज पुर में अपना निजी क्लिनिक का शुरुआत कर दिया। शुरू में ऑपरेशन के लिए छपरा और अन्य जगहों से डॉक्टर को बुलाता था। लेकिन 6 सितंबर को अपने से ही ऑपरेशन कर दिया।

गया में पुलिसकर्मी के साथ मारपीट भी की, पोखर से बाइक हुई बरामद

## 10 बदमाशों ने डायल-112 के जवान की लूटी बाइक-पिस्टल




**गया, एजेंसी।** गया में दस की संख्या में रहे बदमाशों ने डायल-112 के जवानों से उनकी सरकारी बाइक और पिस्टल लूट लिए। घटना में डायल-112 के जवान सर्वजीत कुमार घायल हुए है। बताया जा रहा है कि बदमाशों के साथ हुई मारपीट के दौरान ही वह जख्मी हुए है। घटना देर रात गया-नवादा रोड स्थित मेहता पेट्रोल पंप के सामने आरओबी के पास की है। बदमाश वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची मुफस्सिल थाना की पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट गई है। छानबीन के दौरान सरकारी बाइक को पुलिस ने बरामद कर लिया है। ये पोखर में डूबी पड़ी थी। बाइक के हेड लाइट के ऊपर लगा शीशा सिर्फ नजर आ रहा था।

### बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस

घटना की पुष्टि एसडीपीओ सुनील कुमार पाण्डेय ने की है। उन्होंने कहा कि बदमाश की तलाश की जा रही है। जल्द ही इन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस कर्मियों से हुई लूट की सूचना पर एसडीपीओ वजीरगंज सहित मुफस्सिल थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। वे बदमाशों के भागने वाली सटीक दिशा में छानबीन कर रहे हैं।

### लूट के दौरान पुलिस के जवानों से ही भीड़े बदमाश

बताया जाता है कि दस की संख्या में रहे बदमाश एक राहगीर के साथ मारपीट कर छिनतई की वारदात को अंजाम दे रहे थे। इसी बीच गश्ती में रहे डायल 112 की बाइक मौके पर पहुंची। डायल 112 के जवानों को देखते ही बदमाश राहगीर को छोड़ पुलिस के जवानों से ही भीड़ गए। पुलिसकर्मी के साथ मारपीट कर उनका हथियार और बाइक लूट कर मौके से भाग निकले। सूत्रों का कहना है कि भागने के दौरान बदमाशों ने चार बार फायरिंग भी की है।

## बेतिया में शिक्षकों को ले जा रही नाव पलटी, रेसक्यू टीम ने दिखाई तत्परता



**बेतिया, एजेंसी।** सोमवार की सुबह बेतिया में एक बड़ा नाव हादसा हुआ. यात्रियों से भरी नाव अचानक पलट गयी. नाव पर सवार यात्रियों में करीब 15 स्कूल शिक्षक थे. बेतिया के बैरिया में पटजीरवा घाट पर नाव पलटने के बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया. लोग डूबते शिक्षकों को बचाने के लिए नदी में कूद गये. रेसक्यू टीम की तत्परता से 15 शिक्षकों समेत सभी यात्रियों को डूबने से बचा लिया है. इस हादसे में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है.

**पहले भी हो चुका है यहां हादसा :** बैरिया थाना क्षेत्र के सरेया मन में इसी साल 14 फरवरी को नाव पलटने से तीन बच्चियों एवं एक किशोरी समेत पांच लोग डूब गये थे. इनमें महिला और दो बच्चियों को बचा लिया गया, लेकिन हादसे में एक बच्ची और किशोरी की मौत हो गई थी. देर रात गोताखोरों ने बलुआ रमपुरवा वार्ड-7 के शंभूचौधरी की पुत्री लालचुन्नी कुमारी (19) व छोटन मुखिया की पुत्री खुशबूकुमारी (11) का शव निकाला. महिला समेत पांचों लोग छोटी नाव से सरेया मन के उस पार कूड़ा घाट से घास काट कर लौट रही थी. जीएमसी अस्पताल चौकी प्रभारी सुधांशु शेखर ने बताया कि पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया.

## पहले पिता की हत्या की फिर बेटे को मारी चाकू



**सीवान, एजेंसी।** महावीरी मेला में घूमने गए एक युवक को अपराधी ने चाकू मारकर घायल कर दिया है। घायल का सीवान के सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। घटना सीवान के सराय थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव की है। पीड़ित सराय थाना क्षेत्र के नरहट गांव निवासी योगेंद्र राम है।

**महावीरी मेला में किया हमला :** पीड़ित योगेंद्र राम ने बताया की वह रविवार की रात कल्याणपुर गांव में महावीरी मेला घूमने के लिए गया था। तभी उसी के गांव के रहने वाला एक युवक उसे देखते ही बाइक से उतर कर चाकू से वार करना शुरू कर दिया। इधर स्थानीय लोग कुछ समझ पाते तब तक आरोपी ने पीड़ित के पेट, हाथ और कमर पर चाकू से वॉर कर दिया और मौका पाकर फरार हो गया। स्थानीय लोग घायल योगेंद्र को सीवान के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज चल रहा है। घायल ने बताया कि 2024 में ही 13 जून को उसी युवक के द्वारा मेरे पिता जी की भी हत्या कर दी गई है। इस मामले में वह फरार चल रहा है और वह जैसे ही मुझे देखा, मेरे ऊपर भी चाकू से वॉर कर दिया।

**जल्दी ही आरोपी को किया जाएगा गिरफ्तार :** थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित के बयान के आधार पर पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जल्दी ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा। आवेदन के आधार पर अन्य जांच में पुलिस जुटी हुई है। कल्याण पर मेला, योगेंद्र राम, अपने गांव के ही एक युवकों पर चाकू से वॉर करने का आरोप लगाया है।

## खुलासा : जहरीला पदार्थ पीने से हुई दोनों युवक की मौत

### मनिहारी एसडीपीओ बोले- आपसी दुश्मनी में पिलाया था, खुद छोड़कर भागा...आरोपी अरेस्ट



**कटिहार, एजेंसी।** कटिहार के अहमदाबाद थाना क्षेत्र में शनिवार को दिलावरपुर बैरिया गांव में दो लोगो की संदिग्ध मौत का कटिहार पुलिस ने खुलासा कर दिया है। घटना के बारे में जानकारी देते हुए मनिहारी एसडीपीओ ने बताया कि मटन पार्टी के दौरान बजरुद्दीन नामक व्यक्ति पर साजिश के तहत जहरीला पदार्थ पिलाकर अमित और सद्दाम की हत्या करने का आरोप लगाया गया था। बताया कि जांच के दौरान पता चला की शनिवार को अमित शाह के घर में मीट पार्टी के क्रम में तीन लोगों के जहरीला पदार्थ पीने की बात सामने आई थी। जिसमें दो लोगों अमित शाह और सद्दाम की मौत हो गई थी। जबकि तीसरे व्यक्ति बजरुद्दीन खुद उसे नहीं पिया और वहां से फरार हो गया। इस मामले में बजरुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया गया है । मृतक की मां के बयान के आधार पर कांड दर्ज कार्रवाई की गई है और आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### जहरीला पदार्थ पीने से हुई मौत

शराब की बात पर एसडीपीओ मनिहारी ने कहा कि इसमें कोई सच्चाई नहीं है। ऐसी कोई बात नहीं है। जहरीला पदार्थ पिलाकर ही मौत की पुष्टि हुई है । पेय पदार्थ को जब्त कर लिया गया है। इन लोगों के पोस्टमार्टम में भी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में वीडियोग्राफी कराई गई है,बोर्ड का गठन कर पोस्टमार्टम कराया गया है। उन्होंने कहा की हत्या करने की वजह पूर्ण में छोटी-छोटी बातों को लेकर दुश्मनी की बात प्रकाश में आई है। सभी दिल्ली में साथ में काम करते थे और इस दौरान उन लोगों में विवाद भी हुआ था। एसडीपीओ ने कहा कि हॉफ लीटर पानी में जहरीला पदार्थ मिला है। जिसे जांच के लिए भेज दिया गया है।

# बच्चा पैदा होने का झांसा देकर 2 महिलाओं से ठगी, जेवरात के साथ दो शातिर अरेस्ट



### आरा में 11 दिन पहले हुई थी घटना

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर पुलिस ने निःसंतान महिला को बच्चा पैदा होने का झांसा देकर ठगी करने वाले एक अंतर जिला गैंग का खुलासा किया है। साथ ही गैंग से जुड़े दो सदस्यों को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मामला गजराजगंज ओपी क्षेत्र से जुड़ा है। यहां 11 दिन पहले महिलाओं से ठगी की घटना हुई थी। ठगी किए गए जेवरातों में से सोने का एक जोड़ा झुमका, सोने का एक जोड़ी बाली, सोने के दो मंगल सूत्र, सोने के दो मांगटिका, मोती गढ़ा माला, दो नया साड़ी और दो पुराना साड़ी बरामद किया है। इसके के अलावा दो हजार रुपए नकद बरामद हुआ है। दो मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। दोनों के खिलाफ दोनों जिलों में पहले के आपराधिक कांडों की खोज की जा रही है। सदर एएसपी परिचय कुमार ने बताया कि इस मामले में बक्सर जिले के ब्रह्मपुर थाना के महराजगंज निवासी हरेन्द्र नट की पत्नी सुनीता देवी और भोजपुर के शाहपुर थाना के रानीसागर गांव निवासी वसीम हुसैन को गिरफ्तार किया गया है।

### 29 अगस्त को हुई थी ठगी की वारदात

सदर एएसपी ने बताया कि 29 अगस्त को गजराजगंज ओपी के कारीसाथ गांव निवासी परमात्मा सिंह की पत्नी सुमन देवी अपने घर में गोतनी के साथ अकेली थी। इस दौरान एक अनजान महिला घर में प्रवेश करती है। उसने कहा कि परमात्मा सिंह का घर यहीं है। अनजान महिला ने कहा कि शादी के सात साल बाद भी बच्चा नहीं हो रहा है, उसी को लेकर वह देखने आई है। शातिर महिला ने सुमन देवी और गोतनी को यह कहकर झांसा दिया कि शादी में मिले सोने के जेवरात पर किसी ने भभूत डालकर जादू-टोना कर दिया है। इसलिए दोनों को बच्चा पैदा नहीं हो रहा है। ठग ने पीड़िता से शादी में मिले सारे आभूषण, दो नया साड़ी और दो बदन पर पहना हुआ पुराना साड़ी मांगा और कहा कि शीतला माता के पास चढ़ाकर ला देंगे, तो दोनों को लड़का पैदा हो जाएगा।

### पीड़िता के पति को नौकरी लगने का भी दिया झांसा

शातिर महिला ने पीड़िता के पति को नौकरी लगने का भी झांसा दिया गया। ठग महिला ने अपने आंचल से लौंग निकालकर पीड़ित महिला और उसकी गोतनी को खिला दिया। लौंग खाते ही दोनों का मन बदल गया। झांसा में आकर सोने के जेवरात व साड़ी समेत सारा सामान दे दिया। बाद में परिवार के अन्य सदस्यों को जानकारी होने पर ठगी का एहसास हुआ। गजराजगंज (उदवंतनगर) थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। गिरफ्तारी को लेकर गजराजगंज ओपी प्रभारी हरी प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने वैज्ञानिक अनुसंधान के जरिए शाहपुर ब्लाक के पास स्थित एक घर से सुनीता देवी ठगी के सारे सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया। बाद में महिला की निशानदेही पर उसके सहयोगी रानीसागर गांव निवासी वसीम कुरैशी को भी धर दबोचा गया। ओपी प्रभारी ने बताया कि दोनों गोतनी निःसंतान है। इसलिए झांसा देकर ठगी की घटना को अंजाम दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### गुलजारबाग इमामबंदी वक्फ में निकला 72 अलम का जुलूस

**पटना।** कर्बला की जंग में शहीद हुए हजरत इमाम हुसैन व 72 अंसारों की शहादत पर 72 अलम के जुलूस का आयोजन गुलजारबाग इमामबंदी वक्फ स्टेट में किया गया। मौलाना सैयद मो मेहंदी साहब ने कर्बला की शहादत का चित्रण गमगीन माहौल में किया। इसे सुन कर उपस्थित जायरीनों की आंखें नम हो गईं। मौलाना सैयद नावेद आब्दी की तकरीर हुई। इसके बाद एक-एक कर 72 अलम निकाला गया। आयोजन समिति अध्यक्ष शाह जौहर इमाम जौनी व सदस्य सैयद जिया उर्फ पन्ना, सरबर इमाम, तनवीररूल हसन तन्नू, दिलावर हुसैन, सैयद हसन अली, सैयद मेहंदी हुसैन, शाहब हसन, अनीस हसन समेत काफी संख्या में जायरीन उपस्थित थे।

### कारखाना से पांच लाख रुपए की संपत्ति चोरी

**पटना।** बाईपास थाना क्षेत्र के मरची गांव स्थित आलमारी कारखाना से करीब पांच लाख रुपए की संपत्ति चोरी चली गई। पुलिस चोरी की घटना में गार्ड की संलिप्तता की जांच कर रही है। गांधी मैदान के छज्जूबाग निवासी रिषभ नथानी ने बताया कि कारखाना में कार्यरत दो प्रबंधक अनुपस्थित हैं। इस बीच जब वह कारखाना का स्टॉक मिलान करने पहुंचे तब पाया कि माल काफी कम है। जांच करने पर पता चला कि करीब पांच लाख रुपए की संपत्ति चोरी चली गई है।

### पल्लवी राज कंस्ट्रक्शन की 6वी वर्षगांठ पर बधाई दी

**पटना।** लोगों के सुविधाओं का ख्याल रखते हुए पल्लवी राज कंस्ट्रक्शन ने अपार्टमेंट के ग्राउंड में खेलने, व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करा रहा हैं। इसका दो प्रोजेक्ट चल रहा है। जिसमें ड्रीम प्रोजेक्ट गोवा सिटी सगुना मोड़) और दूसरा सिंगापुर पैलेस (एम्स, पटना) है। अपनी कम्पनी के 6वीं वर्षगाठ पर कंपनी के सीमडी संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि हमारा उद्देश्य अपने कस्टमर की सोच पर खरा उतरना भी है।

### मुंबई-अहमदाबाद से अधिक सीट वाली बुलेट ट्रेन बिहार से गुजरेगी

**पटना।** भारत में पहली बुलेट ट्रेन मुंबई-अहमदाबाद के बीच चलेगी। वहीं मुंबई-अहमदाबाद से अधिक सीट की क्षमता वाली ट्रेन वाराणसी-हावड़ा के बीच चलेगी। अभी तक मुंबई-अहमदाबाद के बीच 731 सीटों वाली बुलेट ट्रेन चलाने की योजना है। जबकि, वाराणसी से पटना के रास्ते हावड़ा के बीच 750 यात्रियों की क्षमता वाली बुलेट ट्रेन चलेगी। बुलेट ट्रेन चलने से बिहार के पटना, आरा, बक्सर, जहानाबाद और गया जिलों के लोगों को सीधा फायदा मिलेगा। यहां बुलेट ट्रेन के ठहराव के लिए स्टेशन का निर्माण प्रस्तावित है। पटना जिले में फुलवारीशरीफ एम्स के पास स्टेशन का निर्माण होगा। इसके अलावा बिहार के बक्सर, भोजपुर, जहानाबाद, गया, झारखंड के कोडरमा, हजारीबाग, गिरिडीह, धनबाद और पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान, पूर्वी बर्धमान, हुगली, हावड़ा, कोलकाता में ट्रेन रुकेगी। बुलेट ट्रेन के लिए पटना जिले में 60.90 किमी एलिवेटेड ट्रैक का निर्माण होगा। इसके लिए 135.06 हेक्टेयर जमीन की जरूरत है। इस जमीन पर 3 हजार 881 पेड़ हैं। इन पेड़ों को उखाड़ कर दूसरी जगह ट्रांसप्लांट करना है। जिस कंपनी का चयन ट्रांसप्लांट करने के लिए होगा, उसकी सर्वाइवल दर देखी जाएगी। पटना में अब तक विभिन्न प्रोजेक्ट में किए गए पेड़ों के ट्रांसप्लांट में सर्वाइवल दर कम है। अधिकतर पेड़ सूख गए हैं। दिल्ली-हावड़ा के बीच वर्ष 2029 तक बुलेट ट्रेन चलाने की तैयारी तेज कर दी गई है। इसके लिए दो फेज में ट्रैक का निर्माण होगा। पहले फेज में वाराणसी से पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, आरा, बक्सर, पटना, गया से हावड़ा तक एलिवेटेड ट्रैक का निर्माण होगा। दूसरे फेज में दिल्ली से वाराणसी तक निर्माण होगा। नेशनल हाईस्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा वाराणसी से हावड़ा तक की DPR अगले साल तैयार की जाएगी। इसके लिए सर्वे एजेंसी चयन करने की प्रक्रिया चल रही है। जनवरी से सर्वे होगा।

### छीनतई के बाद भी पुलिस ने नहीं दर्ज किया FIR, सिटी एसपी सेंट्रल से गुहार लगाने पर मामला दर्ज



**पटना।** पटना के पैथोलॉजी सेंटर संचालक जितेंद्र कुमार के हाथ से बाइक सवार अपराधियों ने साड़ी और सेवई से भरा झोला झपट लिया। घटना 5 सितंबर की शाम दीघा सब्जी बाजार में हुई। वह केस दर्ज कराने दीघा थाना गए पर कागज नहीं होने का बहाना ओ अफसर ने बना दिया। उन्हें थाने के बगल की दुकान से कागज लाना पड़ा तब लिखित शिकायत ली गई। इसके बाद दो दिन तक थाने में दौड़ाया गया, पर केस दर्ज नहीं हुआ। रविवार को वे सिटी एसपी सेंट्रल चंद्र प्रकाश के पास पहुंच गए। सिटी एसपी ने मुंशी और थानेदार को कड़ी फटकार लगाई और केस दर्ज कर बाइक सवारों को गिरफ्तार करने का आदेश दिया।

### पटना समेत 21 जिलों में बारिश का अलर्ट, आकाशीय बिजली से 3 की मौत


**पटना।** बिहार में फिर से मानसून एक्टिव हो गया है। मौसम विज्ञान केंद्र ने सोमवार को पटना समेत प्रदेश के 21 जिलों में बारिश और आकाशीय बिजली का अलर्ट जारी किया है। वहीं, रविवार को अररिया में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 3 लोगों की मौत हो गई। जबकि, पांच गंभीर रूप से झुलस गए। मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है, जिसका प्रभाव प्रदेश के ऊपर पड़ रहा है। इससे प्रदेश के कई जिलों में बारिश की संभावना बन रही है।

# पटना में बीजेपी नेता की गोली मारकर हत्या

एजेंसी, पटना।







पटना में सोमवार सुबह 4 बजे अपराधियों ने भाजपा नेता श्याम सुंदर उर्फ मुन्ना शर्मा की हत्या कर दी। रविवार को श्याम सुंदर के बेटे का छेका था। वो अपने रिश्तेदारों को छोड़ने गए थे। उन्हें ऑटो में बिठाकर लौट रहे थे, तभी 3 बदमाशों ने घेर लिया। घटना पटना सिटी की है, जहां मंगल तालाब के पास श्याम सुंदर घर आने के लिए ऑटो पकड़ने पहुंचे थे। पुलिस का कहना है कि 'ये हत्या लूटपाट में नहीं हुई है। टारगेट कर श्याम सुंदर को गोली मारी गई है। एक बदमाश ने उनके सिर में गोली मार दी। दूसरा चाकू से वार करता रहा।' मॉर्निंग वॉक कर रहे लोगों ने शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। श्याम सुंदर पटना सिटी चौक के नगर मंडल अध्यक्ष थे। हत्या के बाद लोगों में गुस्सा है। पटना सिटी-गांधी मैदान रोड को जाम कर प्रदर्शन किया गया है। तेजस्वी ने नीतीश पर सवाल उठाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री से बिहार नहीं संभल रहा है। इधर, बीजेपी ने पलटवार करते हुए कहा वो पहले लालू के जंगलराज पर माफी मांगे।

**सीसीटीवी में श्याम सुंदर को गोली मारते दिखे अपराधीः** सीसीटीवी में ये पूरी घटना कैद हुई है। इसमें दिख रहा है कि श्याम सुंदर सड़क किनारे बैठे हुए हैं। थोड़ी देर में एक बाइक से 3 अपराधी आते हैं। एक बाइक से उतरता है और उन्हें सिर में गोली मारता है। दूसरा चाकू से हमला करने लगता है। इसके बाद तीनों एक बाइक से भाग निकलते हैं। इस दौरान वहां खड़े लोग पहले तो चुपचाप सब देखते रहते हैं। गोली मारते ही वहां से भाग निकलते हैं।

**कल ही बेटे का छेका किया थाः** बताया जा रहा है कि रविवार को मुन्ना शर्मा के बेटे का छेका था। सोमवार की सुबह मुन्ना शर्मा अपने रिश्तेदारों को छोड़ने मंगल तालाब के नजदीक ऑटो पकड़ने पहुंचे थे। वहां से लौटने के दौरान अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया।

**FSL की टीम कर रही जांचः** पुलिस ने इस हत्याकांड की जांच शुरू कर दी है। चौक थाना प्रभारी शशि कुमार राणा ने बताया कि सोमवार की सुबह धारदार हथियार से हमला कर मुन्ना शर्मा की हत्या का मामला सामने आ रहा है। मुन्ना शर्मा भाजपा के कार्यकर्ता रहे हैं। इस केस में FSL टीम और डॉग स्क्वॉड की टीम की मदद ली जा रही है।

**अपनी ही सरकार के खिलाफ प्रदर्शनः** पटना सिटी के भाजपा नेता मुन्ना शर्मा की हत्या के विरोध में स्थानीय लोग, भाकपा माले के साथ-साथ BJP के कार्यकर्ता भी सड़क पर उतर आए हैं। पटना सिटी-गांधी मैदान रोड को जामकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी मृतक के परिजनों के लिए 10 लाख रुपए मुआवजे, अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पटना सिटी में पुलिस पूरी तरह निष्क्रिय हो गई है, जिससे अपराधियों का मनोबल दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। सड़क जाम की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाने-बुझाने में जुट गई है।

## एतवारपुर में दिखेगा अमेरिका का सबसे बड़ा हिंदू मंदिर

एजेंसी, पटना।



पटना में दुर्गा पूजा को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है। सभी पूजा समितियों की ओर आकर्षक पंडाल बनाया जा रहा है। पटना के एतवारपुर का पंडाल हर साल दुर्गा पूजा में आकर्षण का केंद्र रहता है। इस साल पंडाल का निर्माण दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हिंदू मंदिर 'स्वामीनारायण मंदिर' की तर्ज पर हो रहा है। यह अमेरिका का सबसे बड़ा हिंदू मंदिर भी है। इस पंडाल की ऊंचाई 100 फीट से ऊपर और चौड़ाई 100 फीट होगी।

**कोलकाता और मधुपुर के 60 कारीगर करेंगे पंडाल का निर्माणः** आयोजन समिति के अध्यक्ष मुनील यादव ने बताया कि इस पंडाल को तैयार करने के लिए 60 कारीगर कोलकाता और मधुपुर से 6 आए हैं। दुर्गा मां की प्रतिमा 18 फीट की होगी। इस प्रतिमा को पटना के कारीगर बनाएंगे। डिजाइनिंग का काम बंगाल के कारीगर करेंगे। कुल 16 कारीगर मिलकर मां की प्रतिमा को तैयार करेंगे। एतवारपुर पंडाल के आसपास लाइटिंग की खास व्यवस्था की जा रही है। पंडाल से लगभग 2 किलोमीटर के एरिया को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया जाएगा। इस बार बच्चों के लिए कार्टून लाइटिंग होगी। इसमें एनीमेशन लाइट भी आकर्षण का केंद्र होगा। बंगाल के चंदन नगर से विशेष लाइटिंग के लिए टीम बुलाई गई है। पंडाल के एंट्री गेट को फूलों से सजाया जाएगा। मुनील यादव ने आगे बताया कि पूजा में बनारस से पंडित आएंगे। सप्तमी को नवैद्यम, अष्टमी को खीर, नवमी को खिचड़ी और विजयदशमी को बुंदिया प्रसाद के रूप में वितरित किया जाएगा। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरे से निगरानी होगी। पार्किंग की सुविधा भी उपलब्ध होगी। इस साल 18 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

## बिहार में घर-घर जाकर जानवरों का इलाज करेंगे वेटरनरी डॉक्टर, टोल फ्री नंबर और एप से कर सकते हैं संपर्क

एजेंसी, पटना।



♦ दवाइयां भी मुफ्त, 534 मोबाइल वैन तैयार

बिहार सरकार 3 करोड़ 35 लाख से अधिक जानवरों का घर जाकर इलाज करेगी। मोबाइल ऐप (किसान पशुपालक ऐप), कॉल सेंटर (1962), मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई के जरिए इलाज की जाएगी। इसके लिए बिहार सरकार ने 1 हजार 100 डॉक्टरों की टीम को तैनात किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 534 प्रखंड के लिए एक-एक मोबाइल वैन दिए हैं। उन्होंने आज डोर स्टेप पशु चिकित्सा सेवा की शुरुआत की है। बिहार में 1 हजार 135 वेटरनरी हॉस्पिटल है, लेकिन यहां पर परमानेंट 1 हजार 100 डॉक्टर बहाल हैं। पशुपालन विभाग के प्रधान सचिव डॉ. एन विजयलक्ष्मी ने बताया कि बिहार में कुल 1 हजार 135 वेटरनरी हॉस्पिटल हैं, वहीं डॉक्टरों की कुल संख्या 1 हजार 100 है। उन्होंने बताया कि वेटरनरी पास आउट होने वाले एक भी स्टूडेंट बेरोजगार नहीं है। हम लोगों ने हर एक को नौकरी दिया है। बिहार में हाथी, घोड़ा, मुर्गा, बकरी, भैंस सहित सभी जानवरों का इलाज मुफ्त किया जाएगा। दवाइयां भी मुफ्त में दी जाएंगी। पशुपालन मंत्री रेणु कुमारी ने बताया कि सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक कॉल सेंटर में टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल कर या फिर मोबाइल ऐप (किसान पशुपालक ऐप) के जरिए वेटरनरी डॉक्टर से संपर्क कर सकते हैं। मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई की टीम घर पर जाकर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएगी। कॉल सेंटर में टेली मेडिसिन की भी व्यवस्था होगी। ऑडियो-वीडियो कॉल पर जानकारी दी जाएगी। मंत्री ने कहा कि वेटरनरी डॉक्टर को हर दिन दो गांव में जाना होगा। शिविर लगाकर इलाज और प्रचार-प्रसार करना होगा।

**227 ब्लॉक में बिहार के खजाने से इलाजः** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज डोर स्टेप पशु चिकित्सा सेवा की शुरुआत की है। सभी 534 प्रखंड के लिए एक-एक मोबाइल वैन दिए गए हैं, लेकिन बिहार सरकार में 227 प्रखंड ऐसे हैं जहां बिहार सरकार को अपने खजाने से मोबाइल वैन खरीदकर देना पड़ा है। आत्मनिर्भर बिहार, निश्चय पार्ट-2 के तहत वैन मिले हैं। इस पर मंत्री रेणु कुमारी ने कहा कि केंद्र और बिहार सरकार की योजना में 60 फीसदी और 40 फीसदी का हिस्सा होता है। उसी के तहत यह योजना शुरू की गई है। पशुपालन मंत्री रेणु कुमारी ने कहा है कि नीलगाय किसानों की फसल बर्बाद कर रहा है। बिहार सरकार उसे मारने की योजना लाई है। इस योजना पर काम हो रहा है। पत्रकारों के एक सवाल पर पशुपालन मंत्री रेणु देवी ने कहा कि जरूरत पड़ी तो नीलगाय की नसबंदी करेंगे। इस पर विचार किया जाएगा, जिससे इसकी आबादी नहीं बढ़ें। पशुपालकों को अब वेटरनरी हॉस्पिटल का चक्कर नहीं लगाना होगा। बिहार सरकार में डोर टू डोर सर्विस का शुभारंभ किया है। नई योजना के बारे में पशुपालन मंत्री ने बताया कि वेटरनरी डॉक्टर एक कॉल और मोबाइल ऐप के जरिए आपके पशुओं का इलाज घर पर आकर करेंगे। 500 किलो तक की वजन वाली गाय को अस्पताल नहीं लाना पड़ेगा। A2 मिल्क (भारतीय नस्ल के गायों की दूध) और A1 मिल्क (विदेशी नस्ल की गायों) में से कौन ज्यादा फायदेमंद होता इसका जवाब डॉ. एन विजयलक्ष्मी ने दिया। उन्होंने कहा कि बाजार में 80 से 150 रुपए किलो दूध बेचे जा रहे हैं। घी 2 हजार से 3 हजार रुपए प्रति किलो लोग खरीद रहे हैं।

## पटना में हड़ताल पर रहे ऑटो और ई-रिक्शा चालक

**कलर कोडिंग-रूट तय करने से नाराजगी, बोले- परमिट पूरे जिले का तो, एक रूट पर ही क्यों चले**

एजेंसी, पटना।



पटना में आज ऑटो, ई-रिक्शा, कैब चालक हड़ताल पर रहे। शहर की सड़कों पर रोज के मुकाबले 70 प्रतिशत ऑटो, ई-रिक्शा कम चले। पटना जिला में करीब 25-30 हजार ऑटो और 15 हजार ई-रिक्शा चलते हैं। हड़ताल का कारण ऑटो और ई-रिक्शा के लिए रूट तय किया जाना है।

**कलर कोडिंग और निर्धारित रूट के खिलाफ हड़तालः** दरअसल, कलर कोडिंग के जरिए, परिवहन विभाग ने हर रूट पर चलने वाले ऑटो के लिए एक कलर तय कर दिया है। यानी एक खास कलर की ऑटो निर्धारित रूट पर ही चलेगी। जिसका ऑटो चालक विरोध कर रहे हैं। चालकों का कहना है कि उनका परमिट पूरे जिले में चलने का है तो एक रूट में उन्हें क्यों बांधा जा रहा है।

**परिवहन विभाग के फैसले के खिलाफ दिया धरनाः** इमरजेंसी के समय इस नियम के कारण ऑटो चालकों को और परेशानी होगी। कलर और यूनिक कोड से चलाने के नए नियम को वापस लेने की मांग के साथ सभी ऑटो चालक आज गर्दनीबाग में परिवहन विभाग के फैसले के खिलाफ धरना भी दिया।

**हाजीपुर जाने वाले यात्री रहे परेशानः** इधर, ऑटो नहीं चलने से यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है। लोगों को न ऑटो मिल रहा, न ई-रिक्शा। कई लोग सड़क पर पैदल जाते नजर आ रहे हैं। इस दौरान हाजीपुर जाने वाले यात्री ज्यादा परेशान नजर आए। शहर के इकलौते ऑटो स्टैंड टाटा पार्क से दोपहर तक एक भी ऑटो नहीं खुला। प्रशासन की ओर से किसी तरह की वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं की गई थी।

**कलर कोडिंग समेत कई मांगों को लेकर प्रदर्शनः** ऑटो संघ के जिलाध्यक्ष पप्पू राय ने बताया कि जिले से भी लोग आए हैं। टाटा पार्क से एक भी ऑटो नहीं खुली है। यात्री अगर आज परेशान हो रहे हैं, तो इसमें परिवहन विभाग का दोष है। आज धरना के जरिए विभाग को अगाह कर रहे हैं। सरकार अभी भी नहीं मानी तो राज्यव्यापी आंदोलन होगा।

**कैपिसिटी से ज्यादा ऑटो, ई-रिक्शाः** पटना में 25 हजार से 30 हजार ऑटो हैं। ई-रिक्शा शहर में लगभग 15 हजार हैं। सबसे अधिक पूरब (पटना सिटी) के इलाकों की ओर इनका परिचालन है। पटना के टाटा पार्क से 9 रूटों पटना सिटी, अगमकुआं, राजेन्द्र नगर, हनुमान नगर, कंकड़बाग, नाला रोड, बैरिया स्टैंड, हाजीपुर, पोस्टल पार्क सहित रिजर्व के लिए गाड़ी खुलती है। टाटा पार्क की कैपेसिटी 500 से 700 गाड़ियों की है, जबकि 1 हजार से अधिक ऑटो, ई-रिक्शा यहां से गुजर रहे हैं, जिससे जाम की समस्या हो जाती है।

## बिहार में डेंगू के केस 1123, पटना में 523



**24 घंटे में 55 मरीज मिले, राजधानी से 27 मामले, 34 लोग अस्पताल में भर्ती**

एजेंसी, पटना।

बिहार में डेंगू के आंकड़े डराने लगे हैं। पूरे प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 55 नए मामले सामने आए हैं। राजधानी पटना डेंगू का हॉटस्पॉट बनता जा रहा है, यहां से सबसे ज्यादा 27 केस केस सामने आए हैं। इस सीजन में अब तक पूरे प्रदेश में 1 हजार 123 केस सामने आए हैं, जिसमें पटना में सबसे ज्यादा 523 केस मिले हैं। इसके अलावा गया में 65, मुजफ्फरपुर में 55 और समस्तीपुर में 51 केस मिले हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान पटना में डेंगू के कुल 27 नए मामले सामने आए हैं। वही शहर के PMCH, NMCH, AIIMS और IGIMS अस्पताल में डेंगू के कुल 34 मरीज भर्ती है। इसमें सबसे ज्यादा 14 मरीज NMCH में भर्ती है। PMCH के ICU में बने डेंगू वार्ड में कुल 4 मरीजों का इलाज चल रहा है। AIIMS में 10 और IGIMS में 6 डेंगू के मरीज भर्ती हैं। डेंगू से प्रदेश में अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है।

**अलर्ट मोड पर सरकारी अस्पतालः** डेंगू के बढ़ते मामले को देखते हुए शहर के सभी सरकारी अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रहने को कहा गया है। सिविल सर्जन डॉ. मिथलेश्वर कुमार ने कहा कि पटना जिले के सभी अनुमंडलीय और PHC अस्पतालों में डेंगू जांच की संख्या बढ़ा दी गयी है। गंभीर रूप से पीड़ित मरीजों को मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में रेफर किया जा रहा है। वही पीएमसीएच के अधीक्षक डॉ. आइएस ठाकुर ने कहा कि पैरासिटामोल, आइवी फ्लूइड, नार्मल स्लाइन, एंटीबायोटिक समेत अन्य जरूरत की दवाओं का स्टॉक मंगाकर रख लिया गया है।

**एक्सपर्ट बोले- खुद से इलाज ना करें :** सीनियर फिजिशियन डॉ. राणा एसपी सिंह बताते हैं कि इस बार संक्रमण की दर काफी तेज है। संक्रमण को लोग वायरल फीवर मान ले रहे हैं। इस कारण से कई दिनों तक बुखार ठीक होने का इंतजार कर रहे हैं। जब तक हॉस्पिटल पहुंच रहे हैं, हालत खराब हो जा रही है। खुद से बुखार की दवा खा लेने जैसी लापरवाही ना बरतें।

**पूरे बिहार में अब तक 1 हजार 123 मरीज मिलेः** इस सीजन में अब तक पटना से 523, अररिया में 6, अरवल में 3, औरंगाबाद में 19, बांका 6, भागलपुर 16, बेगूसराय 12, भोजपुर 14, बक्सर 6, दरभंगा 26, पूर्वी चंपारण 11, गया 65, गोपालगंज 14, जमुई 12, जहानाबाद 17, कैमूर 2, कटिहार 7, खगड़िया 10, किशनगंज 1, लखीसराय 5, मधेपुरा 9, मधुबनी 23, मुंगेर 4 मामले सामने आए हैं।

## मस्त, व्यस्त और पस्त सीएम से बिहार नहीं संभल रहा, तेजस्वी ने भाजपा नेता की हत्या पर जताई नाराजगी

एजेंसी, पटना।

**BJP बोली- मां-पिता के जंगलराज पर माफी भी मांगिए**



पटना सिटी में बीजेपी नेता की चेन स्नेचिंग के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर हत्या का सीसीटीवी फुटेज पोस्ट करते हुए कहा है कि बिहार में सत्ता संरक्षण में अपराधी फल-फूल रहे हैं। अपराधी जब चाहे, जहां चाहे किसी को भी गोली मारकर भाग जा रहे हैं। वीडियो में बीजेपी नेता को गोली मारकर भागते अपराधी। एनडीए के कर्ता-धर्ता बढ़ते बेलगाम अपराध से बेखबर हैं। इधर-उधर में मस्त, व्यस्त और पस्त सीएम से बिहार बिल्कुल भी नहीं संभल रहा है। वहीं तेजस्वी पर पलटवार करते हुए BJP प्रवक्ता ने कहा है कि लालू-राबड़ी के दौरा में जंगलराज था, तब अपराधी मस्त रहते थे और सरकार उनके सामने पस्त रहती थी। आप माफी मांगिए।

**जंगलराज पर माफी भी मांगिए- कुंतल कृष्ण, बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ताः** तेजस्वी यादव की प्रतिक्रिया पर बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता कुंतल कृष्ण ने कहा है कि तेजस्वी यादव लगता है अभी अपने परिवार वाले काल से बाहर नहीं निकले हैं। जब उनके माता-पिता का जंगलराज था, तब अपराधी मस्त रहते थे और सरकार उनके सामने पस्त रहती थी। अब समय बदल चुका है, अब एनडीए का शासन काल है। अब अपराधी अपराध करके अपना अंतिम क्षण गिन रहा है। एनडीए के शासनकाल में अपराधी, अपराध करके बच नहीं सकता। सोशल मीडिया पर चिंता जाहिर करिए लेकिन साथ ही अपने मां-पिता के जंगलराज पर माफी भी मांगिए।

**80 एकड़ में तैयार होगा कचरा सेग्रिगेशन प्रोसेसिंग प्लांट**

## पटना में घरों से अलग-अलग लिया जाएगा गीला और सूखा कचरा, 375 टीम का गठन

एजेंसी, पटना।



पटना में डोर टू डोर गाड़ियों के जरिए घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरा को अलग-अलग सेग्रिगेट करने के लिए 19 सितंबर से मिशन टोटल सेग्रिगेशन की शुरुआत होगी। नगर विकास एवं आवास मंत्री नितिन नवीन ने इसकी जानकारी दी है। मिशन की शुरुआत बिहार के राज्यपाल करेंगे।

**सेग्रिगेशन प्रोसेसिंग यूनिट की होगी शुरुआतः** मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि हर दिन पटना से 1600 टन कचरा निकलता है। सेग्रिगेशन प्रोसेसिंग यूनिट के लिए निगम ने 80 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है। केंद्र सरकार से इसके लिए बात हो चुकी है। इसका क्लियरेंस मिलते ही टेंडर निकाल दिया जाएगा। 2 महीने के अंदर इसके निर्माण का काम भी शुरू कर दिया जाएगा।

**375 टीम का किया गया गठनः** इस अभियान के लिए 375 टीम का गठन किया गया है। जो घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेगी। इसके लिए तीन दिन का ट्रेनिंग वर्कशॉप आयोजित किया जाएगा। इसमें स्वच्छता एंबेसडर भी बनाए जाएंगे। इसे मास कैंपेन बनाने के लिए विभिन्न संस्थानों को स्टेक होल्डर बनाया गया है। सरकारी और प्राइवेट स्कूल को भी इससे जोड़ा जाएगा। पटना के विभिन्न दुकानदार संघ, होटल, रेस्टोरेंट, हॉस्पिटल के साथ भी मीटिंग होगी।

**बेहतर रैंक के लिए उठाया गया कदमः** नगर निगम के नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर ने कहा कि दिसंबर तक निगमकर्मी लोगों को जागरूक करेंगे। इस अभियान के बाद घरों से गीला और सूखा कचरा अलग-अलग लिया जाएगा। निगम कचरों के कलेक्शन के साथ-साथ उसके सेग्रिगेशन पर भी काम करेगा और उसके प्रोसेसिंग को भी आगे बढ़ाएगा। जब प्लांट स्थापित होगा तो उसमें सेग्रिगेटेड कचरा होना जरूरी है, नहीं तो प्लांट चल नहीं पाएगा। ये कदम स्वच्छता सर्वे में पटना की बेहतर रैंक को बनाने के लिए है।

## संक्षिप्त समाचार

### बैठनिया भनाचक पंचायत के पैक्स अध्यक्ष का निधन

**चाणकयभूमि मझौलिया।** बैठनिया भानाचक पंचायत के वार्ड नंबर 9 निवासी स्वर्गीय हरिहर साह के 65 वर्षीय पुत्र पैक्स अध्यक्ष पहवारी साह के निधन पर प्रखंड सभागार में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी जयप्रकाश मौर्य की अध्यक्षता में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मौके पर दो मिनट मौन होकर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। मौके पर अध्यक्ष नरेंद्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष बृजेश कुमार मिश्रा, सचिव मैनेजर यादव, कोषाध्यक्ष रीना देवी, प्रभु नारायण सिंह, मोहन प्रसाद , अकलू मियां , रामेश्वर पांडे, रामेश्वर पटेल, रामनरेश पासवान, शिवशरण महतो सहित अन्य जनवितरण दुकानदारों उपस्थित थे। लोगों द्वारा बताया गया कि वह पैक्स अध्यक्ष के साथ वे केन यूनियन के अध्यक्ष भी थे। उनकी सादगी और मिलनसार स्वभाव के सभी कायल थे । वह अपने पीछे एक भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके तीन पुत्र हैं जिसमें एक शिक्षक चंदेश्वर साह उर्फ चांदू साह , दूसरा पुत्र ग्रामीण चिकित्सक नंदू साह तथा तीसरा पुत्र मनीष कुमार साह समाजसेवी हैं।

### पीएमआवास योजना में अनियमितता उजागर

#### मामला चनायन बान पंचायत का

**चाणकय भूमि, मझौलिया।** चनायनबांध पंचायत में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में अनियमितता का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत वार्ड नंबर 1 के सदस्य पतासी देवी के पुत्र राजू कुमार यादव ने लोक शिकायत निवारण अनुमंडल पदाधिकारी को एक लिखित आवेदन देकर आवास सहायक कुलदीप शर्मा पर आवास योजना का लाभ देने के नाम पर अवैध वसूली करने तथा गाली गलौज करने का आरोप लगाया है। उल्लेखनीय है कि आवास योजना में विधवा , विकलांग , लाचार को सबसे पहले प्राथमिकता देनी है। लेकिन चनायनबाँध पंचायत में नियमों को ताक पर रखकर पक्के मकान वाले को आवास योजना का लाभ दिया गया है।

### सीमा पर तीन तस्करों सहित अवैध शराब को किया जब्त

**चाणक्य भूमि मधुबनी।** लगातार हो रही शराब तस्करी पर एसएसबी के जवानों ने तस्करों पर नकेल कसना जारी रखा है। आज फिर सशस्त्र सीमा बल ने मधवापुर क्षेत्र में एक बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए निरीक्षक प्रभारी हरिषिकेश के नेतृत्व में एसएसबी जवानों के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, तस्करों के पास बड़ी मात्रा में अवैध शराब पकड़ी गई है। मिली जानकारी के अनुसार कृष्ण चौक, मधवापुर बाजार, जिला मधुबनी (बिहार) से जब्त की गई नेपाली शराब मैक डॉवेल्स नंबर वन 750 ml की 06 बोतल, मैक डॉवेल्स नंबर वन 375 ml की 63 बोतल बोतल, मैक डॉवेल्स नंबर वन 180 ml की 94 बोतल, किंगफिशर बीयर 500 ml केन की 133 बोतल के साथ तस्कर दीपक कुमार, पंकज कुमार, संतोष कुमार जो तीनों मुजफ्फरपुर जिला बिहार के निवासी हैं, जिसे हिरासत में ले लिया गया है।

### वन विभाग ने बाघों की गणना को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

**चाणक्यभूमि वाल्मीकिनगर।** अगले माह से वीटीआर के जंगलों में वन विभाग द्वारा बाघों की गणना की जाएगी। इसके लिए वन कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गणना के लिए वनकर्मियों को नई तकनीक का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जहां पांच रेंजों के 100 वनकर्मीयो ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में फील्ड वायोलिजिस्ट सौरभ कुमार ने बाघों की गणना करने के लिए नई वैज्ञानिक तकनीक के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस ट्रेनिंग का सबसे ज्यादा फायदा वन विभाग में नवनियुक्त वन कर्मियों को होगा। बाघ गणना हेतु सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण में बताया गया कि किस तरह जंगल में जाकर बाघो का गणना करना है। गणना के प्रकार, उनके पद चिन्ह बताए गए। इसके साथ ही गणना से जुड़ी अन्य जानकारी भी दी गई है। वीटीआर के जंगल में बाघ की संख्या कितनी है, इसका ट्रैप कैमरे के जरिए पता लगाया जाएगा। बताते चलें कि वीटीआर में बाघो की गणना दो बार होती है। एक चार साल में एक बार होती है, जिसे मुख्य गणना कही जाती है। वहीं सामान्य गणना साल में एक बार होती है। यह टाइगर रिजर्व की नियमित प्रक्रिया है। गणना के पहले ट्रैल लाइन पर बाघों के पंजों के निशान आदि देखे जाते हैं। इसके बाद ट्रांजिट लाइन में वन कर्मी चलकर गणना करता है। जब यह प्रक्रिया पूरी हो जाती है, उसके बाद ट्रैप कैमरे से गणना की जाती है। यह बेहद महत्वपूर्ण प्रक्रिया होती है। कोर जोन में जितनी जगहों पर जगह चिन्हित किए जाएंगे, वहीं कैमरे लगाए जाएंगे। एक चिन्हित जगह पर दो कैमरे लगाने का प्रावधान है।

### आम के बगीचे से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**मोतिहारी।** पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र के बड़कागांव में पकड़ीदयाल ढाका पथ में ढाला के पास सड़क के पूर्व मे आम के बगीचे से एक व्यक्ति का उम्र लगभग 45 वर्ष का शव पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरा करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया। अज्ञात मृतक युवक के पास से एक झोला में दस से ग्यारह चप्पल के पीस बरामद हुए हैं। पुलिस ने बताया युवक विक्षिप्त भिखारी जैसा लग रहा था उसके गर्दन पर तेज हथियार से वार करने जैसा लग रहा था। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष सह इंस्पेक्टर शकुंतला कुमारी ने बताया कि पोस्टमार्टम के रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण पता चल पाएगा। वही इस संबंध में जानकारी इकट्ठा करने के लिए पुलिस अनुसंधान में जुट गई है। वही समाचार लिखे जाने तक मृतक युवक की पहचान नहीं हो पाई है।

# मोबाइल की दुकान में लाखों की हुई चोरी

चाणक्य भूमि मधुबनी



मधुबनी शहर के रेलवे स्टेशन के समीप चोरों ने एक मोबाइल दुकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए की समान की चोरी कर ली गई है। चकदह निवासी नरेश कुमार साह ने बताया कि स्टेशन रोड में सब्जी बाजार के पास नरेश मोबाइल नामक दुकान चलाते है। जिसमें नए मोबाइल, एक्सेसरीज तथा मोबाइल रिपेयरिंग का काम करते है। बीती रात शनिवार को रोज के तरह रात में 10 बजे दुकान बंद करके घर चले गए। जब रविवार की दोपहर को दुकान खोलें तो देखा की ऊपर का चदरा काट कर नया मोबाइल, दो लैपटॉप, रिपेयरिंग मशीन, एक्सेसरीज और ग्राहकों के रिपेयरिंग के रखे हुए मोबाइल समेत रुपए की चोरी कर ली गई है।

पीड़ित ने इसका लिखित शिकायत नगर थाना पुलिस को देने गया तो साक्ष्य पूरा नहीं होने का हवाला देकर आवेदन लेने से इंकार कर दिया गया है। लेकिन इस संबंध में नगर थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन में चोरी हुए मोबाइल की आईएमईआई नंबर और अन्य जानकारी नही दर्शाया गया है, जो की कारवाई के लिए जरूरत पड़ती है। हालांकि उन्होंने जांच करने का आश्वासन दिया है और कहा की जांच उपरांत के बाद आगे की कारवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी ने किया राजकीय मध्य विद्यालय रघुनाथपुर का औचक निरीक्षण



चाणक्य भूमि

**मोतिहारी।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी पूर्वी चंपारण के साथ तुरकौलिया प्रखंड अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय रघुनाथपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी शिक्षकों की उपस्थित की जांच की एवं बच्चों की उपस्थिति देखी। जिस समय जिलाधिकारी विद्यालय पहुंचे उस समय मध्यान भोजन बच्चों को कराया जा चुका था। मध्यान भोजन के विषय में जिलाधिकारी ने पूछताछ की, बच्चों से भी इस विषय में जानकारी ली।बच्चों के द्वारा बताया गया कि खाना मेनू के अनुसार था और खाना गुणवत्तापूर्ण था।जिलाधिकारी चौथे और पांचवे वर्ग के बच्चों से पढ़ाई लिखाई के बारे में पूछताछ की और पढ़ाई की गुणवत्ता की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी के द्वारा विद्यालय परिसर की साफ सफाई सहित शौचालय को स्वच्छ रखने का निर्देश दिया।

# राशन में धांधली को ले ग्रामीणों ने किया हंगामा



चाणक्य भूमि मैनाटांड

भंगहा गांव के डीलर की मनमानी के विरुद्ध ग्रामीणों ने 5 सितंबर को प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर हंगामा किया था । प्रशासन से डीलर पर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने डीलर शिव हजरा पर आरोप लगाया कि हमलोगों का राशन कार्ड अपने पास ही रखता है। मांगने पर नहीं देता है। हमलोग डीलर से राशन मांगने के लिए गए तो उन्होंने कल देने की बात कही। जब बुधवार की सुबह राशन लेने गए तो उनके द्वारा कहा गया कि अभी राशन नहीं आया है आएगा तो देंगे। ग्रामीणों ने कहा कि प्रत्येक माह में पर्ची निकाल लिया जाता है और हम लोग को राशन नहीं दिया जाता है। जबकि नेट से देखने पर 70 कुंतल स्टॉक दिख रहा है लेकिन गोदाम में एक बोरा भी राशन नहीं है डीलर हमेशा अपनी मनमानी करता रहता है। हमलोगों को बारह महीना में सात से आठ चार माह का राशन दिया जाता है। शेष राशन की कालाबाजारी कर दी जाती है।वजन भी कम दिया जाता है। शिकायत मिलने पर सोमवार को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सुप्रिया कुमारी जांच करने पहुंची तो सैकड़ों ग्रामीण अपने-अपने शिकायत लेकर पहुंच गए। ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जांच कर डीलर पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उसके बाद ग्रामीण शांत हुए। इस संबंध में आपूर्ति पदाधिकारी सुप्रिया कुमारी ने बताया कि जांच के लिए पहुचा गया तो दुकान बंद कर डीलर फरार हो गया था वही सभी ग्रामीणों का बयान दर्ज कर लिया गया है इससे यह मालूम होता है कि डीलर राशन वितरण में गबन कर रहा है। वरीय अधिकारी को लिखकर इसके ऊपर कार्रवाई की जाएगी।

» प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा जाँच कर कार्यवाही की जाएगी

# जय प्रकाश त्रिपाठी ने अपना कार्यभार संभाला



चाणक्य भूमि मझौलिया

शुगर इंडस्ट्री के यूनिट हेड डॉ जय प्रकाश त्रिपाठी ने सोमबार को अपने कार्यालय कक्ष में मुहूर्त के मुताबिक प्रवेश किया और अधिकारियो के साथ बेहतर सत्र संचालन के संदर्भ में रणनीति बनायी।उन्होने इस अवसर पर कहा कि टीम वर्क में विश्वास रखते है और टीम के साथ मिल संचालन होगा। उंन्होने कहा कि सुरक्षा, सरंक्षा और समय पालन सबका दायित्व है।मौके पर उपस्थित जीएम कमर्शियल यू एन राय ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की। यूनिट हेड श्री त्रिपाठी ने कहा कि चीनी मिल को बेहतर ढंग से संचालित करना पहली प्राथमिकता होगी। सहयोगियों के साथ मिलकर कीर्तिमान स्थापित किया जायेगा।बताते चले कि श्री त्रिपाठी शुगर इंडस्ट्रीज में बतौर महाप्रवंधक गन्ना कार्यरत थे।शुगर इंडस्ट्रीज का बेहतर अनुभव होने के कारण बिड़ला ग्रुप के सीएफओआर के गनेरीवाल ने यूनिट हेड का दायित्व सौंपा।सोमबार के दिन पूजा अर्चना के साथ कार्यभार संभाला।जीएम कमर्शियल श्री राय ने इस अवसर पर एक प्रीतिभोज आयोजित कर सबको मंत्र मुग्ध किया।

» डॉ. जे० पी० त्रिपाठी ने कहा सुरक्षा, सरंक्षा और समय पालन की दी जायेगी प्राथमिकता

मौके पर जीएम इंजीनियरिंग संतोष कुमार, जीएम प्रोडक्शन सर्वेश कुमार दुबे, जीएम डिस्टिलिरी प्रदीप शुक्ला,जीएम स्टोर ए पी सिंह, एजीएम लेखा विजय आनंद, एजीएम एचआर रमाकान्त मिश्रा, चीफ केन मैनेजर अखिलेश कुमार सिंह समेत भारी संख्या में मिलकर्मी शामिल हुए।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एएनसी जाँच में उमड़ी भीड़



चाणक्य भुमि योगापट्टी

योगापट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिन सोमवार को गर्भवती महिलाओ में एएनसी जाँच और इलाज को लेकर मरीजों की उमड़ी भीड़ | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र योगापट्टी का पर्ची काउंटर खुलते ही गर्भवती महिलाओ में पर्ची कटवाने के लिए भीड़ इक्क्ठा होना शुरू हों गया, भीड़ इतना ज्यादा हों गया की पर्ची काटने वाले कर्मचारी परेशान दिखे और शोर गुल बढ़ गया | वहीं आशा कर्मी रमिता देवी और अन्य कर्मिओ ने जानकारी देते हुए बताया कि हर महीने के नौ तारीख को एएनसी जाँच में गर्भवती महिलाओ की जाँच एवं इलाज होता हैं जिसमे प्रखंड क्षेत्र के सभी आशा कर्मी अपने क्षेत्र के गर्भवती महिलाओ को बुलाकर जाँच एवं इलाज करवाते हैं जिससे यह पता चल सके की जच्चा बच्चा की स्थिति क्या हैं और उसका इलाज उपचार हों सके | महीने में एएनसी जाँच दो बार होने के कारण गर्भवती महिलाओ की भीड़ एकत्रित होती हैं |वहीं अस्पताल चिकित्सापदाधिकारी अब्दुल गनी ने भी बताया कि एएनसी जाँच के तहत हर महीने में दो बार नौ और इक्कीस तारीख को गर्भवती महिलाओ का ध्यानपूर्वक जाँच एवं इलाज हों सके |

# माँ अन्नपूर्णा रक्तरक्षक ने लगाया एक दिवसीय रक्तदान शिविर

चाणक्य भूमिका जयनगर

जयनगर स्थित दुर्गा रेस्ट हाउस में माँ अन्नपूर्णा रक्त रक्षक, जयनगर के तत्वावधान में एक दिवसीय रक्तदान शिविर समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 36 रक्तविरों ने रक्तदान किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन माँ अन्नपूर्णा कम्युनिटी किचन के संरक्षक डॉ. सुनील राउत, प्रोडजी सेंट्रल स्कूल के डायरेक्टर आनंद कुमार, शुक्ला ब्लड बैंक दरभंगा के डायरेक्टर मुकेश सिंह, डॉ. गौस अहमद, माँ अन्नपूर्णा सेवा समिति के मुख्य संयोजक अमित कुमार ने दीप प्रजवल्लन कर किया, आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रोडजी सेंट्रल स्कूल के डायरेक्टर आनंद कुमार ने कहा कि माँ अन्नपूर्णा सेवा समिति, जयनगर के द्वारा विभिन्न समाजिक क्षेत्रों में कई उल्लेखनीय एवं प्रसंसनीय कार्य किए हैं, इस संस्था के द्वारा जो भी कार्य किया जा रहा है, वह सराहनीय प्रयास है। बीते दो साल में रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय भूमिका अदा कर 600 लोगों की जिंदगी बचाने का नेक और पुनीत कार्य किया है।

वहीं मौके पर वक्ताओं ने एक सुर में बताया की माँ अन्नपूर्णा सेवा समिति की कीर्ति मधुबनी जिले में ही नहीं देश के हर कोने में फेल चुकी है। अब तो देश ही नहीं विदेशों में भी इस संस्था के फॉलोअर मौजूद हैं, जो इस संस्था से जुड़ चुके है। इसलिए जो लोग समाज सेवा में अपना मूल्यवान समय दे रहें हैं, उन लोगों को तन, मन और धन से सहयोग देकर समाज के अच्छे कार्यों को आगे बढ़ाएं।

इस मौके पर संस्था के मुख्य संयोजक अमित कुमार राउत ने बताया की पिछले लगभग दो वर्षो से जयनगर के अलावा बिहार मे कहीं के भी मरीजों को जरूरत पड़ने पर रक्त मुहैया करवाया जाता है। अभी तक 600 से ज्यादा जिंदगीयों को बचाया जा चूका है। इसके अलावा इनके मुख्य संस्था माँ अन्नपूर्णा सेवा समिति के द्वारा विभिन्न समयों पर कई सामाजिक कार्य करती रहती है। भूखे लोगों को पिछले जयनगर रेलवे स्टेशन एवं पुराना नगर पंचायत परिसर में पिछले चार वर्षो से रोज लंगर लगा कर माँ अन्नपूर्णा कम्युनिटी किचन के द्वारा भर पेट गर्म एवं पौष्टीक खाना खिलाना, बाढ़ के समय राहत कार्य कर लोगों के बीच राहत सामग्रियों का वितरण, तो ठंड में गर्म कपड़े, शॉल, कम्बल का वितरण, तो कभी निःशुल्क मेडिकल कैम्प लगा कर निःशुल्क परामर्श के साथ दवा वितरण, तो वहीं निःशुल्क बीपी एवं ब्लड सुगर जांच शिविर लगाकर सेवा की जाती है। इस मौके पर संस्था के मुख्य संयोजक अमित कुमार राउत, गणेश कांस्यकार, राकेश मांझी, परमानन्द ठाकुर, पप्पू पूर्वे, लक्ष्मण यादव, निरंजन उर्फ़ बिट्टू यादव, संतोष शर्मा, मनीष गुप्ता, अजय सिंह, आलोक झा, विवेक सूरी, मिथिलेश महतो, प्रथम कुमार, हर्ष कुमार साथ ही माँ अन्नपूर्णा महिला मंच की सरिता काँस्यकार, सुनीता काँस्यकार, रानी कुमारी समेत अन्य कई सदस्य मौजूद थे।

# बिजली का पोल गिरने से एक युवक गंभीर रूप से घायल



चाणक्य भूमि नौतन

नौतन थाना क्षेत्र के खड्डा पंचायत में बाईक सवार पर अचानक बिजली का पोल बाइक पर गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान नौतन के खड़ा निवासी अवध पटेल के 30 वर्षीय पुत्र रवि कुमार के रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार रवि बच्चों को विद्यालय से लाने के लिये जा रहा था इसी दौरान जर्जर पोल गिरने से उसका हाथ टूट गया और सिर पर भी गंभीर चोट लगी है।

जबकि इस सम्बंध में सहायक विद्युत अभियंता विकास कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। ट्रक की टक्कर से बिजली का पोल गिरा है। मामले में ट्रक मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कराई गई है। दूसरा पोल लगाया जा रहा है।

# मोबाइल पशु चिकित्सा वैन एवं कॉल सेंटर का लोकार्पण

चाणक्य भूमि



**मोतिहारी।** पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के तत्वावधान में आज मुख्यमंत्री द्वारा मोबाइल पशु चिकित्सा वैन एवं कॉल सेंटर का लोकार्पण पटना में समारोह में आयोजित किया गया। वही पूर्वी चम्पारण जिला हेतु सभी प्रखंडों के मोबाइल पशु चिकित्सा वैन को जिलाधिकारी सौरव जोरवाल ने समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।जिलान्तर्गत प्रत्येक प्रखंड हेतु एक-एक मोबाइल पशु चिकित्सा वैन उपलब्ध कराया गया है। इस मोबाइल पशु चिकित्सा वैन के माध्यम से सम्बंधित प्रखंड में रोस्टर के अनुसार प्रतिदिन दो गाँवो में पशु चिकित्सा शिविर आयोजित कर पशुओ का उपचार किया जायेगा। पशुपालक द्वारा अपने पशुओ की पशु चिकित्सा हेतु विभाग के टोल फ्री नंबर 1962 पर संपर्क कर सुविधा का लाभ लिया जा सकता है। कार्यक्रम में डॉ० विनोद कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी पदाधिकारी,डॉ अतुल कुमार श्रीवास्तव, पशु शल्य चिकित्सक मोतिहारी सहित प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी एवं पशुपालन शाखा के कर्मीगण उपस्थित थे।

# समाज कार्य विभाग ने गेट- टुगेदर प्रोग्राम का किया आयोजन

चाणक्य भूमि




**मोतिहारी।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग के नवागंतुक विद्यार्थियों के स्वागत एवं पूर्ववर्ती सत्र के विद्यार्थियों के फेयरवेल के लिए आचार्य वृहस्पति सभागार में गेट टुगेदर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रथम सत्र एवम पूर्ववर्ती सत्र के विद्यार्थियों ने तृतीय सत्र के छात्रों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया एवं साथ ही सबने अपनी कला का प्रदर्शन भी किया । कार्यक्रम में गीत, नृत्य का रंग जमा। छात्रों ने रैंप पर फैशन और ट्रेंड का जलवा बिखेरा। सामाजिक विज्ञान के अधिष्ठाता सह समाज कार्य के विभागाध्यक्ष प्रो० सुनील महावर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन तथा सरस्वती वंदना से हुई। प्रो० सुनील महावर ने कहा कि समाज कार्य विभाग के विद्यार्थी अपने बहुमुखी प्रतिभा के लिए जाने जाते हैं। इस तरह के कार्यक्रम से उनमें छिपी प्रतिभा बाहर निकल कर आती हैं। प्रो० महावर ने नवागंतुक विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवम अध्यापकों के साथ मिलकर हर तरह की सुविधा और सहयोग की बात की । इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ० उपमेश तलवार , डॉ० अनुपम कुमार वर्मा एवम डॉ० अल्पीका त्रिपाठी मौजूद रहें। स्वागत समारोह में समाज कार्य तृतीय सत्र के अभिषेक कुमार,अरमान कुमार, अभिषेक , अमन, आनंद, अरविंद, अनुपम, बादल, दीपशिखा दीक्षित, गौरव, सुप्रिया , मानस, मुस्कान, निशा , रवि भूषण , रितिक, रूपाली ,सोनाली, सुप्रिया, विशाल तथा अन्य छात्रों की अहम भूमिका रहीं। उक्त आशय की जानकारी प्रो० डॉ. उपमेश तलवार और डॉ. अनुपम वर्मा ने दी।

# जिम एफ्रो टी10 सीजन 2 : प्लेयर ड्राफ्ट में सबसे चर्चित नामों में शामिल रहे सिकंदर रजा

**एजेंसी, हरारे**



क्रिकेट का सबसे मनोरंजक प्रारूप हरारे में कमाल मचाने के लिए पूरी तरह तैयार है, और उससे पहले, छह फ्रेंचाइजियों ने प्लेयर ड्राफ्ट में जिम एफ्रो टी10 के सीजन 2 के लिए बहुत मजबूत लेकिन संतुलित स्क्वॉड चुने हैं। जिम एफ्रो टी10 का दूसरा सीजन 21 सितंबर को शुरू होने वाला है और 29 सितंबर को हरारे में ग्रैंड फिनाले के साथ समाप्त होगा। हरारे स्पोर्ट्स क्लब में दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए इंतजार कर रहे बड़े नामों में डेविड वार्नर, सिकंदर रजा, कॉलिन मुनरो, डेविड मालन, कार्लोस ब्रैथवेट और क्रिस लिन जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। बहरहाल, स्पॉटलाइट जिम्बाब्वे के खिलाड़ियों पर भी होगी, जिन्होंने हाल के महीनों में शानदार क्रिकेट खेला है। ज़िम एफ्रो टी10 के प्लेयर ड्राफ्ट के लिए 400 से ज़्यादा खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया था, जिसमें खिलाड़ियों के ड्राफ्टिंग के कुल 12 राउंड थे। उस दिन, छह फ़्रैंचाइज़ियों में से 64 खिलाड़ियों को ड्राफ्ट किया गया था, जिसमें बुलावायो ब्रेव्स जैगुआर्स ने कुल 12 खिलाड़ियों को ड्राफ्ट किया था, जिससे उनकी टीम 16 की हो गई।

केप टाउन सैम्प आर्मी ने हैदर अली (पाकिस्तानः ग्लोबल सुपरस्टार), डेविड विली (इंग्लैंडः आइकॉन), डेविड मालन (इंग्लैंड), गुलबदीन नैब (अफ़ग़ानिस्तान), कैस अहमद (अफ़ग़ानिस्तान), एडम रॉसिंगटन (इंग्लैंड), शाहनवाज़ दहानी (पाकिस्तान) को अपने प्री-ड्राफ़्ट साइनिंग के रूप में चुना था। प्लेयर ड्राफ्ट में, उन्होंने अपनी टीम को पूरा करने के लिए रोहन मुस्तफा (पाकिस्तान), सलमान इरशाद (पाकिस्तान), ब्रायन बेनेट (जिम्बाब्वे), तदिवानाशे मारुमनी (जिम्बाब्वे), बेन कुरेन (जिम्बाब्वे), माइकल फ्रॉस्ट (जिम्बाब्वे), ब्रायन चारी (जिम्बाब्वे), तवांडा मापोसा (जिम्बाब्वे), लियोनार्डो जूलियन (वेस्टइंडीज) और सिनेथ जयवर्धने (श्रीलंका) को चुना। इसी तरह डरबन वॉल्व्स ने कोलिन मुनरो (न्यूजीलैंडः ग्लोबल सुपरस्टार), मार्क चैपमैन (न्यूजीलैंडः आइकॉन), विल स्मीड (इंग्लैंड), शारजील खान (पाकिस्तान), मुहम्मद इरफान (पाकिस्तान), यासिर शाह (पाकिस्तान) को सीधे तौर पर अपने साथ जोड़ा था और अब उसने मोहम्मद रोहिद खान (यूएई), मुहम्मद वसीम (पाकिस्तान), रेगिस चकबावा (जिम्बाब्वे), गैरी बैलेंस (जिम्बाब्वे), टिनोटेंडा मापोसा (जिम्बाब्वे), डोनाल्ड तिरिपानो (जिम्बाब्वे), इनोसेंट कैया (जिम्बाब्वे), इमैनुएल बावा (जिम्बाब्वे), मबेकी जोसेफ (वेस्टइंडीज) और रवीन डी सिल्वे (श्रीलंका) को शामिल करके अपनी टीम को और मजबूत किया। जो'बर्ग बांग्ला टाइगर्स की बात करें तो उसने ड्राफ्ट से पहले क्रिस लिन (ऑस्ट्रेलियाः ग्लोबल सुपरस्टार), कुसल परेरा (श्रीलंकाः आइकॉन), चरिथ असलांका (श्रीलंका), हजरतुल्लाह ज़ज़ई (अफ़ग़ानिस्तान), एडम मिल्ने (न्यूज़ीलैंड), ल्यूक वुड (इंग्लैंड), करीम जनत (अफ़ग़ानिस्तान) को चुना था। फिर टाइगर्स ने प्लेयर ड्राफ्ट में अपनी टीम में और भी दमदार खिलाड़ी जोड़े। उन्होंने जॉर्ज लिंडे (दक्षिण अफ़्रीका), मोहम्मद शहज़ाद (अफ़गानिस्तान), सिकदर रज़ा (ज़िम्बाब्वे), तेंदई चतारा (ज़िम्बाब्वे), अंतुम नक़्वी (ज़िम्बाब्वे), ताशिंगा मुसेकीवा (ज़िम्बाब्वे), जॉनथन कैंपबेल (ज़िम्बाब्वे), तिनशे मुचावेया (ज़िम्बाब्वे), किमानी मेलियस (वेस्ट इंडीज) और केविन कोथिगोडा (श्रीलंका) को अपने साथ शामिल किया।

# अफगानिस्तान के खिलाफ एकदिनी श्रृंखला के लिए लुंगी एनगिडी की दक्षिण अफ्रीकी टीम में वापसी

**एजेंसी, जोहानसबर्ग**



जेसन स्मिथ, नकाबा पीटर और एमडिले सिमलेन को संयुक्त अरब अमीरात में अफगानिस्तान और आयरलैंड के खिलाफ आगामी श्रृंखला के लिए पहली बार दक्षिण अफ्रीका की एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया है। दक्षिण अफ्रीका को 18 सितंबर से शारजाह मे अफगानिस्तान के खिलाफ तीन वनडे मैच खेलने हैं। इसके बाद 27 सितंबर से अबू धाबी में आयरलैंड के खिलाफ दो टी-20 और तीन वनडे मैच खेले जाएंगे।

लेगस्पिनर पीटर और ऑलराउंडर जेसन ने इस साल की शुरुआत में क्रमशः मई और अगस्त 2024 में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना टी20ई डेब्यू किया था। पीटर ने दो मैच खेले हैं और तीन विकेट लिए हैं, जबकि जेसन ने केवल एक मैच खेला है और छह रन बनाए हैं। हालाँकि, सिमेलेन के लिए यह अंतरराष्ट्रीय टीम में उनका पहला कॉल-अप है। 21 वर्षीय ऑलराउंडर की पहचान एक उच्च क्षमता वाली प्रतिभा के रूप में की गई है और वह अगस्त में हाल ही में संपन्न जिम्बाब्वे के दक्षिण अफ्रीका इमर्जिंग टूर का हिस्सा थे। उन्होंने एक दिवसीय श्रृंखला में श्रीलंका ए के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका ए का भी प्रतिनिधित्व किया था। इस बीच, तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी दाहिनी पिंडली में लगी चोट से उबर गए हैं और उन्हें तीनों टीमों में शामिल किया गया है। वह अगस्त में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में शामिल नहीं हुए थे। मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि इन दौरों से युवा और सीमांत दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों से कुछ अनुभव प्राप्त करने की अनुमति मिलेगी, और युवाओं का चयन घरेलू विश्व जैसे प्रमुख आगामी 2027 आईसीसी टूर्नामेंटों की तैयारी के लिए खिलाड़ियों के पूल का विस्तार करना है। हमने कुछ सीमांत खिलाड़ियों के साथ-साथ उन लोगों को भी मौका देने का फैसला किया है जिन्होंने हाल के हफ्तों और महीनों में प्रभावित किया है। यह प्रबंधन की ओर से एक जानबूझकर उठाया गया कदम है, जो चुनने के लिए खिलाड़ियों का एक व्यापक पूल बनाने के हमारे लक्ष्य के अनुरूप है। चूँकि हम 2027 में 50 ओवर के विश्व कप पर दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ, अगले 18 महीनों में होने वाले प्रमुख आईसीसी टूर्नामेंटों की तैयारी कर रहे हैं।"

# अफगानिस्तान-न्यूजीलैंड टेस्टः पहले दिन का खेल गीली आउट फिल्ड के कारण बिना टॉस के रद्द




**ग्रेटर नोएडा**

अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच आज से यहां शहीद विजय सिंह पथिक स्टेडियम में शुरू हुए एकमात्र टेस्ट मैच का पहला दिन गीली आउट फिल्ड के कारण बिना टॉस हुए रद्द कर दिया गया। सुबह धूप होने के बावजूद पिछले दिनों बारिश के कारण मैदान गीला था, सुबह से अंपायरों ने कई बार मैदान का निरीक्षण किया और अंततः दिन का खेल रद्द कर दिया गया। दोनों अंपायरों, कुमार धर्मसेना और शरफुद्दौला ने उल्लेख किया कि खिलाड़ियों की सुरक्षा मुख्य चिंता थी और मैदान आज खेलने के लिए उपयुक्त नहीं था। उन्होंने कहा कि कल से अगले चार दिनों तक दिन का अतिरिक्त आधे घंटे का खेल होगा और खेल स्थानीय समयानुसार सुबह 9.30 बजे शुरू होगा।

# बारिश की वजह से टीम का बाहर होना बहुत दुर्भाग्यपूर्णः ऋषभ पंत

**एजेंसी, नई दिल्ली**




भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जा रहे दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में टीम की कड़ी मेहनत और उनके अनुशासन की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने एक बयान में कहा, "साउथ दिल्ली सुपरस्टारज़ के खिलाफ दूसरा सेमीफाइनल बारिश के कारण भले ही रद्द हो गया हो, लेकिन निराश होने जरूरत नहीं है, कुछ चीजें हमारे हाथ में नहीं होती और इस बार भी कुछ ऐसा ही है। हालांकि पुरानी दिल्ली 6 ने जिस तरह से यहां तक सफर का तय किया है, वह निश्चित तौर पर बधाई के पात्र हैं। दिलीप ट्रॉफी के चलते ऋषभ टूर्नामेंट में भले ही ना खेल रहे हों, लेकिन पुरानी दिल्ली 6 की हर छोटी बड़ी चीजों पर उनकी निगाह लगातार बनी रहती है। उन्होंने कहा कि, "मैने देखा कि यहां तक पहुंचने के लिए लड़कों ने कितनी कड़ी मेहनत की है, मैं उनके धैर्य और दृढ़ संकल्प की सराहना करता हूं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि बारिश ने हमारे अभियान पर रोक लगा दी, लेकिन वो कहते हैं ना अगर कुछ जाता है तो कुछ आता है। इसी तरह हमने भी इस सीज़न में कुछ खास बनाया है और मुझे विश्वास है कि हम अगले साल खिताब के लक्ष्य के साथ और मजबूत वापसी करेंगे।''
वहीं प्रैक्टिस से लेकर ग्राउंड तक में हर छोटी से छोटी बारीकियों को समझाने वाले इशांत भी इस तरह से टीम के बाहर हो जाने से काफी निराश हैं। उन्होंने टीम की तारीफ करते हुए कहा , "बिना खेले ही सेमीफ़ाइनल से बाहर हो जाना काफी दुखद है। मैंने देखा है कि लड़कों ने पूरे टूर्नामेंट में कितना दिल से प्रयास किया है, ऐसे में इस तरह की चीजें निराश तो करती ही हैं, लेकिन मुझे गर्व है अपनी टीम पर जिन्होंने हमेशा मेरा और टीम का सिर ऊंचा रखा।

## व्यापार

# शेयर बाजार ने फिर पकड़ी रफ्तार, सेंसेक्स और निफ्टी ने लगाई छलांग

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पिछले सप्ताह के आखिरी तीन दिन तक गिरावट का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार ने आज सप्ताह के पहले दिन ही अपनी मजबूती दिखाई। हालांकि आज के कारोबार की शुरुआत भी गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद बिकवाली के दबाव के कारण सेंसेक्स और निफ्टी की कमजोरी और बढ़ गई, लेकिन पहले घंटे के कारोबार के बाद खरीदारी का सपोर्ट मिल जाने की वजह से शेयर बाजार ने मजबूती की राह पकड़ ली। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.46 प्रतिशत और निफ्टी 0.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। आज दिन भर के कारोबार के दौरान बैंकिंग, एफएमसीजी और फाइनेंशियल सेक्टर के शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही। ऑयल एंड गैस, मेटल और आईटी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। इसके साथ ही कैपिटल गुड्स, मीडिया, टेलीकॉम, पावर और रियल्टी इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.28 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.65 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 36 हजार करोड़ रुपये का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 460.54 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 460.18 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 36 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,181 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,667 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,371 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 143 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,481 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 888 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,593 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 14 शेयर बढ़त के साथ और 16 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 26 शेयर हरे निशान में और 24 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 210.18 अंक की कमजोरी के साथ 80,973.75 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये सूचकांक 288.88 टूट कर 80,895.05 अंक के स्तर पर पहुंच गया। इस गिरावट के बाद खरीदारों ने बाजार में लिवाली का जोर बना दिया, जिसके कारण इस सूचकांक में तेजी आ गई। लगातार हो रही लिवाली के सपोर्ट से आज का कारोबार खत्म होने का थोड़ी देर पहले ये सूचकांक निचले स्तर से करीब 750 अंक उछल कर 469.43 अंक की मजबूती के साथ 81,653.36 अंक के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि आखिरी वक्त में इंट्रा-डे सेटलमेंट के कारण हुई बिकवाली की वजह से सेंसेक्स ऊपरी स्तर से थोड़ा नीचे खिसक कर 375.61 अंक की तेजी के साथ 81,559.54 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की घटी कीमत

**एजेंसी, नई दिल्ली**



घरेलू सर्राफा बाजार में आज सप्ताह के पहले दिन ही गिरावट का रुख नजर आ रहा है। कीमत में हुई गिरावट के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 73,010 रुपये से लेकर 72,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 66,940 रुपये से लेकर 66,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। कीमत में आई गिरावट के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में आज चांदी की कीमत 84,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 73,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,940 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,860 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,910 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 72,860 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,790 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 72,860 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 73,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 72,910 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 73,010 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में मामूली गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 72,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# भारत-जापान वित्तीय सहयोग बढ़ाने, द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर सहमत

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत और जापान ने वित्तीय सहयोग को बढ़ावा देने और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए चर्चा जारी रखने पर सहमति जताई है। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि भारत-जापान वित्तीय सहयोग को और बढ़ावा देने तथा द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए चर्चा जारी रखने पर सहमत हुए है। दोनों देशों के बीच ये सहमति 6 सितंबर, 2024 को टोक्यो में आयोजित दूसरा भारत और जापान वित्त संवाद के दौरान बनी। मंत्रालय ने बताया कि इस बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने किया, जबकि जापानी पक्ष की अगुवाई जापान के अंतरराष्ट्रीय मामलों के वित्त उप-मंत्री अत्सुशी मिमुरा ने की। जापानी प्रतिनिधिमंडल में वित्त मंत्रालय और वित्तीय सेवा एजेंसी के प्रतिनिधि शामिल थे। वित्त मंत्रालय ने बताया कि जापान के टोक्यो में आयोजित 'दूसरे भारत-जापान वित्त संवाद' में दोनों देशों ने वित्तीय संबंधों की मजबूती पर चर्चा की। इस दौरान दोनों देशों ने एक-दूसरे की वृहद-आर्थिक स्थिति पर अपनी राय से अवगत कराया। इस बैठक में भारत और जापान ने अन्य देशों में सहयोग, द्विपक्षीय सहयोग और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में प्रतिभागियों ने विनियमन एवं निगरानी, वित्तीय डिजिटलीकरण और दोनों देशों में अन्य नीतिगत पहल सहित वित्तीय क्षेत्र के मुद्दों पर विचार साझा किए।

# जीएसटी परिषद् की 54वीं बैठक शुरू, बीमा सहित कई दरों में बदलाव संभव

**एजेंसी, नई दिल्ली**



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतरमण की अध्यक्षता में सोमवार को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की 54वीं बैठक यहां शुरू हो गई है। बैठक में जीवन एवं स्वास्थ्य बीमा के प्रीमियम पर लगने वाले जीएसटी की दरों में कटौती सहित कई अन्य वस्तुओं के दरों में बदलाव की संभावना है। जीएसटी परिषद ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में बताया कि नई दिल्ली में जीएसटी परिषद की 54वीं बैठक चल रही है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस बैठक की अध्यक्षता कर रही हैं। परिषद् के मुताबिक इस बैठक में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों के अलावा वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भाग ले रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जीएसटी परिषद् की बैठक में बीमा प्रीमियम पर कराधान, मंत्रिसमूह (जीओएम) से दरों को युक्तिसंगत बनाने के सुझाव और ऑनलाइन गेमिंग राजस्व पर स्थिति रिपोर्ट सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा होने की उम्मीद है। इसके अलावा फिटमेंट समिति द्वारा जीवन, स्वास्थ्य और पुनर्बीमा प्रीमियम पर लगाए गए जीएसटी तथा राजस्व निहितार्थ पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने की भी उम्मीद है। परिषद् की 53वीं बैठक इस वर्ष जून महीने में हुई थी। बैठक में जीएसटी परिषद ने सभी प्रकार के इस्पात, लोहे और एल्युमिनियम मिल्क कैन पर 12 फीसदी जीएसटी की समान दर की सिफारिश की थी। इसके अलावा परिषद् ने आम लोगों के लिए भारतीय रेलवे की सेवाओं पर जीएसटी नहीं लगाए जाने की भी अनुशंसा की थी।

# आँगनबाड़ी केंद्रों पर मना गोद भराई का रस्म

चाणक्य भूमि मोतिहारी



जिले के पकड़ीदयाल, ढाका, फेनहारा,घोड़ासाहन,कल्याणपुर व अन्य आँगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण का महत्व बताते हुए आँगनबाड़ी केंद्रों पर गोदभराई का रस्म मनाया गया। ताकि गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार हो एवं उनके गर्भ में पल रहा बच्चा भी पूर्णतः स्वस्थ हो। इस सम्बन्ध में जिले के आईसीडीएस की डीपीओ कविता कुमारी ने बताया की 30 सितंबर तक जिले में पोषण को लेकर जागरूकता फैलाई जा रहीं है वहीं जन जागरूकता के उद्देश्य से प्रति दिन 5-5 गतिविधियों को

संचालित करने, गोद भराई कराने व रैलीयाँ संचालित करने का निर्देश दिया गया है।वहीं उन्होंने बताया की पोषण माह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सेविकाओं को प्रशस्ति पत्र देकरसम्मानित किया जाएगा। पकड़ीदयाल के वार्ड संख्या-10 में जागरूकता रैली, गोदभराई आयोजित की गईं इस दौरान रैली में 'सही पोषण देश रौशन', 'हम सब ने ठाना है कुपोषण दूर भगाना है'

**» गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लक्ष्य के साथ बेहतर पोषण के लिए हरी सब्जियाँ ताजे फल का सेवन आवश्यक**

जैसे नारे लगाए गए। रैली का उद्देश्य लोगों को सही पोषण के महत्व के बारे में जागरूक करना है।कल्याणपुर के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 56 में

एनीमिया व कुपोषण से बचाव को बेहतर पोषण के लिए हरी सब्जियाँ, साग,ताजे फल,दूध का सेवन करने का सलाह दिया गया ताकि कुपोषण से बचाव हो सके।

**गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है लक्ष्य** :प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व आभियान के अंतर्गत पूर्वी चंपारण के दो अनुमंडल अस्पताल का भ्रमण राज्य स्तरीय मॉनिटरिंग टीम के सदस्य के तौर पर अजय कुमार, वरिष्ठ कार्यक्रम पदाधिकारी (सी थ्री) के द्वारा अनुश्रवण किया गया।

ने अनुमण्डलीय अस्पताल ढाका व पकड़ीदयाल स्वास्थ्य केंद्र का निरिक्षण करते हुए अजय कुमार ने

बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के महिलाओ में पोषण के जागरूकता की कमी और अभाव है जिससे गर्भवती महिलाओं में खून की कमी आ जाती है। प्रेग्नेंसी के दौरान ध्यान न देने पर महिला कमजोर हो जाती हैं। जिसके कारण पैदा होने वाला बच्चा कमजोर होता है, जो कि कुपोषण का शिकार हो जाता है। ऐसी स्थिति न पैदा हो इसके लिए गर्भवती महिला को बेहतर देखभाल की जानकारी दी जाती है, और पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी जाती है ।

डीपीओ कविता कुमारी ने कहा की हर माह की 07 तारीख को गोद भराई दिवस मनाया जाता है। गोद भराई के रस्म में पोषक क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को केंद्र पर बुलाकर सेविकाओं द्वारा उसे चुनरी ओढ़ा, तिलक लगा और गर्भस्थ शिशु की बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए गोद में पोषण संबंधी पुष्टाहार फल सेव, संतरा, बेदाना, दूध, अंडा देकर गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को आयरन की गोली खाने की सलाह दी जाती है।

# पीएम मातृत्व जांच में 70 महिलाओं की हुई जांच

चाणक्य भूमि बगहा

प्रधानमंत्री मातृत्व स्वास्थ जांच के तहत सोमवार को अनुमंडलीय अस्पताल में शिविर लगाकर 70 गर्भवती महिलाओं की जांच कि गई । साथ ही चिकित्सक द्वारा महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य की सलाह दिया गया और दवा का भी वितरण किया गया।

अस्पताल प्रभारी उपाधीक्षक डॉ अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि स्वास्थ विभाग के द्वारा माह में 9 व 21 तारीख को अस्पताल में जच्चा बच्चा की जाँच शिविर लगा कर किया जाता है।

इसी क्रम में सोमवार को स्वास्थ जांच कैंप में चिकित्सक डा विधानंद पाल, डॉ पूजा कुमारी, डा रोकैया यास्मीन , डा अरुण कुमार, व स्वास्थ कर्मियों द्वारा महिलाओं की स्वास्थ जांच किया गया साथ ही आवश्यकतानुसार महिलाओं की सीबीसी एचआईवी सिफीलिस हेपेटाइटिस बी ब्लड ग्रुप ब्लड प्रेशर शुगर एवं पेशाब जांच कर दवा का वितरण किया गया। वही प्रभारी उपाधीक्षक ने स्वयं उपस्थित रहकर शिविर निरीक्षण कर जायजा लिया।




# बेतिया में नाव पलटी किसी तरह की जानमाल का नुकसान नहीं



चाणक्य भूमि बेतिया

सोमवार की सुबह श्रीनगर थाना के पुजहां घाट पर सुबह नाव पलटने से उसमें सवार सभी लोग नदी में डुबने लगे। जिसके बाद वहाँ मौजूद ग्रामीण और स्थानीय गोताखोरों ने नाव पर सवार सभी लोगों को सकुशल बचाया।मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि प्रतिदिन की भांति शिक्षक एवं शिक्षिकाएं इस नाव पर सवार होकर नदी उस पार अपने-अपने विद्यालय में पढ़ाने जा रहे थे। जैसे ही नाव खुली नाव नदी में पलट गई वहां मौजूद लोगों ने शोर मचाया शोर सुनकर स्थानीय लोग और गोताखोरो ने नदी में कूद कर सभी सवारों को नदी से निकाल लिया, इस नाव पर गांव वालों के अलावा ज्यादातर शिक्षक एवं शिक्षिका सवार थे।

**» नाव में पंद्रह से ज्यादा लोग सवार थे ग्रामीणों के सहयोग से सभी लोगों को सकुशल निकाला गया**

सभी लोगों को सकुशल निकालने वाले गोताखोरों में राजेश मुखिया, राधेश्याम मुखिया, प्रदीप कुमार और रामचंद्र मुखिया को लोगों ने धन्यबाद दिया जिनकी वजह से कई लोग डुबने से बच गए। हालाँकि दुर्भाग्य कहे या जिले के कार्यालयों में बैठे अधिकारियों की उदासीनता की जहां से प्रतिदिन हज़ारों की संख्या मे लोग आते जाते है वहाँ किसी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था के तरफ उनका ध्यान नहीं जाता है।

जिन्हे नदी में तैरने की अच्छी जानकारी थी और इन लोगों ने पूरी मशक्कत के साथ सभी लोगों को किनारे निकाल लिया।

# पुलिस व मुखिया पति के बीच हाथापाई



चाणक्य भूमि बगहा

पुलिस जिलान्तर्गत पठखौली थाना क्षेत्र के मंगलपुर औसानी स्थित एसएसबी कैंप के पास वाहन जांच के दौरान पुलिस व नयागांव रामपुर पंचायत के मुखिया पति व पुत्र के बीच झड़प होने से माहौल तनावपूर्ण हो गया।

सड़क पर पठखौली पुलिस मुख्य मार्ग पर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान रामपुर पंचायत के मुखिया पुत्र अपने एक दोस्त के साथ बाइक से वहां पहुंचे। जांच कर रही पुलिस टीम को देखकर भागने लगे। भागते हुए एक युवक को पुलिस ने पकड़ लिया, पकड़ने के बाद पुलिस और युवक में हाथापाई हो गई। इस बीच बाइक पर पीछे बैठा युवक भागते हुए मुखिया पति को इसकी सूचना दिया।

सूचना पर पहुंचे मुखिया पति शेषनाथ बीन व पुलिस के बीच बहस हो गई। जिससे विवाद बढ़ गया और बात झड़प तक पहुंच गई। मौके पर स्थिति बिगड़ते देख भारी पुलिस

**» वाहन जांच के दौरान पुलिस द्वारा भाग रहे मुखिया पुत्र को पकड़ने पर ख़फ़ा थे मुखिया पति**

बल तैनात कर दिया गया है। मुखिया पति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिन्हे पुलिस अभिरक्षा में अनुमंडलीय अस्पताल भेजवाया गया जहां वो अपने पुत्र सहित इलाजरत हैं।

इस मामले में नयागांव रामपुर पंचायत की मुखिया आशा देवी ने बताया कि मेरे पुत्र को वाहन जांच के दौरान पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया था। सूचना पर मेरे पति मौके पर पहुंचे तो उनके साथ पुलिस ने अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट किया जिसमें मेरे पति व पुत्र घायल हो गए हैं। बगहा एसडीपीओ कुमार देवेंद्र ने बताया कि वरीय पदाधिकारियों के दिशा-निर्देश में पुलिस वाहन जांच कर रही थी। इसी क्रम में मुखिया पति और उसके पुत्र के द्वारा पुलिस के काम में बाधा डाला गया। पुलिस मुखिया पति और पुत्र को हिरासत में लेकर पुलिस आगे की कर्रवाई कर रही है।

# राजस्व मंत्री ने की अंचलाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक



चाणक्य भूमि

बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल ने बिहार राज्य सर्वे प्रशिक्षण संस्थान में प्रदेश के 76 अंचल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में अंचलाधिकारियों को आम जनता को सही समय पर उचित न्याय दिलाने हेतु निर्देश दिया। उक्त अवसर पर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। बैठक मे मंत्री ने उत्कृष्ट कार्यो के लिये दो अंचल अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर प्रदान कर शुभकामनाएं दी।

**» मंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो अंचल अधिकारियों को मंत्री ने दिया प्रशस्ति पत्र इस बैठक मे अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह थे मौजूद**







# जायसवाल समाज के जिलाध्यक्ष बने मुन्ना जायसवाल

चाणक्य भूमि बगहा



बगहा में सोमवार को जायसवाल समाज संघ द्वारा एक बैठक स्थानीय सीताराम आश्रम, वार्ड संख्या 24 के समीप की गयी। जिसमे सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष के पद पर मुन्ना प्रसाद जायसवाल को मनोनित किया गया। साथ ही आगामी 10 नवंबर को होने वाले एक दिवसीय पूजनोत्सव को धूमधाम से मनाने को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि निर्वाचित कमेटी के देखरेख में ही सभी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मुन्ना प्रसाद जायसवाल ने बताया कि एक दिवसीय समारोह में बैठक में उपस्थित सदस्यों के द्वारा पूजन तथा महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक मे बगहा अनुमंडल क्षेत्र के लगुनाहाँ, बगहा एक व दो, भैरोगंज, सेमरा, चिउटाहा सहित कई क्षेत्र से आए जायसवाल समाज के लोगों की उपस्थिति देखी गई। इस मौके पर आपसी सामंजस्य स्थापित कर आयोजन को यादगार बनाने की बात पर बल दिया गया।

# मवेशी अस्पताल द्वारा किया जा रहे घेराव का लोगों ने किया विरोध

चाणक्य भूमि मोतिहारी

मवेशी अस्पताल मोतिहारी द्वारा श्री नारायण सिँह कॉलेज होते हुए ज्ञानबाबू जाने वाली रोड का घेराव किया जा रहा है जिसका विरोध स्थानीय लोगों द्वारा किया गया। इस सम्बंध में स्थानीय लोगों का कहना है की वर्षो से यह रास्ता खुला था जिससे लोग जानपुल से ज्ञानबाबू चौक जाते थें।

इस मामले मे स्थानीय लोगों ने वार्ड नंबर 19 के पार्षद, निगम अधिकारी व मेयर तक अपनी बातों को अवगत कराया है। जानकारी के अनुसार कल सुबह बैठक रखी गई है। जिसमें मवेशी अस्पताल के पदाधिकारी व अन्य लोग मिलकर समस्या का हल निकलने का प्रयास करेंगे।









# भाजपा कार्यकर्ताओं की हुई विषेश बैठक

चाणक्य भूमि बगहा

भाजपा के वरीय कार्यकर्ता युवा पीढ़ी के जुझारू नेता श्वेत मनी कुमार सिंह उर्फ तुषार सिंह के द्वारा बगहा विधान सभा क्षेत्र के डुमरिया में भाजपा के परसौनी ग्रामीण मंडल तथा बूथ अध्यक्ष सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ सोमवार को एक बैठक बुलाई गई है। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के द्वारा भाजपा के सदस्य बनाने के लिए जो मुझे ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। उससे सभी कार्यकर्ता बखूबी निभाएं जाने के लिए संकल्पित होकर बूथ स्तर पर सदस्यता अभियान में शामिल हो कर अपनी कर्तव्यों का पालन करेंगे।

इस दौरान भाजपा नेता तुषार सिंह ने कहा कि। बगहा विधान सभा क्षेत्र में भाजपा के सदस्य बनाने में मुझे 15 हजार लोगों से मिलकर सदस्य बनाना है। इस दौरान भाजपा नेता सुनील पांडेय

**» 2025 के बिहार विधान सभा चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने की भाजपा कार्यकर्ताओं ने कसी कमर**

ने कार्यकर्ताओं को जोश अफजाई करते हुए कहा भारत एक गांवों का देश है। जो छोटे से छोटे गांव एवं कस्बे में भारत का दिल बसता है। कोई भी कार्यकर्ता अपने को छोटा नहीं समझें हर कार्यकर्ता कल का प्रधानमंत्री मुख्य मंत्री तथा मंत्री बन सकता है। बूथ स्तर पर सदस्यता अभियान में अपने को झोंक दें।

इस दौरान अनिल कुमार गुप्ता, ब्रजेश नारायण शाही, नीरज तिवारी राजेश कुशवाहा, ललबाबू यादव, मनोज कुशवाहा, शेख ओसामा, डा. मिथुन कुमार, निरंजन मिश्र, अमित कुमार, चित्रसेन लाला जी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं की भारी समूह मौजूद था।

# ठेकेदार द्वारा स्कूल के शौचालय निर्माण मे भारी गड़बड़ी

चाणक्य भूमि गौनाहा

गौनाहा प्रखंड के मटियारिया पंचायत मे राजकीय प्राथमिक विद्यालय सिरसिया बाजार में चल रहे शौचालय का निर्माण ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है जिसमें प्राक्कलन के अनुसार काम न कराकर गोलमाल किया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा शौचालय मे लोकल बालू घटिया ईट से काम किया जा रहा है जिसका कोई गारंटी नहीं है की कब तक चलेगा। शौचालय ठेकेदार को सिर्फ जल्दी- जल्दी से काम निपटा कर पैसा उठा के और सरकार के आँख मे खुलेआम धूल झोक के भाग जाना है। शौचालय का टंकी जो मिट्टी खुदाई करके बन रहा है उसमें ग्रांटिंग भी नहीं किया जा रहा है l

दुर्भाग्य कहे या शिक्षकों की



**» मोरन बालू की जगह किया जा रहा है लोकल सफेद बालू का इस्तेमाल**

लापरवाही लाखों रुपए की खर्चे से बने बेंच जो छात्र-छात्राओं को बैठने के लिए बने है उसका प्रयोग शौचालय बनाने में किया जा रहा है l ऐसा प्रतीत होता है कि स्कूल प्रशासन की मिली भगत से ही संवेदक द्वारा इस तरह का कृत्य किया जा रहा हो। इसमें विद्यालय प्रशासन के निजी फायदा की सम्भावना से इंकार नहीं किया जा सकता।










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714